हरिभूमि
# रायपुर भूमि



**ज्यादातर यात्रियों ने नहीं किया सफर**

*हादसे के बाद ज्यादातर यात्रियों ने स्पेशल ट्रेन से दूरी बना ली। टीटीई ने बताया कि कई यात्री चक्रधरपुर से नहीं चढ़े। स्लीपर और एसी कोच की काफी सीटें खाली रहीं। जो यात्री सफर कर रहे थे, घटना के बाद वे सभी डरे हुए थे। कोई भी ठीक से नहीं सो पा रहा था। मेडिकल टीम ने सर्वाधिक सिरदर्द व शरीर दर्द के लिए दवाएं दीं।*

- हावड़ा-मुंबई मेल एक्सप्रेस के 50 प्रतिशत यात्रियों ने स्पेशल ट्रेन में किया सफर
- रिलीफ स्पेशल ट्रेन से रायपुर पहुंचे यात्री मेडिकल टीम ने सभी कोच में यात्रियों का इलाज कर दी दवा

यात्रियों ने कहा- हादसे के बाद फिर ट्रेन में सफर करने की हिम्मत नहीं थी

**मोबाइल की लाइट जलाकर निकले बाहर**

हरिभूमि से बातचीत में यात्री प्रकाश हाजरा ने बताया कि रात 3 बजकर 20 मिनट पर अचानक जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद यात्रियों ने कोच में शोर मचाना शुरू कर दिया और भगदड़ का माहौल उत्पन्न हो गया। जोरदार झटके से कोच की सभी लाइटें बंद हो गई थीं। यात्रियों ने मोबाइल की लाइट जलाकर अपनों को खोजा और फिर ट्रेन से नीचे उतरते गए। लगभग एक घंटे शेष पेज 13 पर

# ट्रेन हादसे में बाल-बाल बची जान, डरे-सहमे पहुंचे रायपुर, परिजनों से मिलकर सुनाई आपबीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चक्रधरपुर रेलवे डिवीजन में बड़ाबम्बो रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार तड़के हावड़ा से मुंबई जा रही 12810 हावड़ा-सीएसएमटी मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा गया। बाकी यात्रियों को रेलवे ने रिलीफ स्पेशल ट्रेन से रवाना किया। मंगलवार को 02810 स्पेशल ट्रेन रात 9.50 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन से नीचे उतरते ही यात्रियों ने अपने परिजनों को गले लगाया और सुबह हुई घटना की आपबीती सुनाई। शेष पेज 13 पर

हरिभूमि लाइव



**स्पेशल ट्रेन से लाया गया**

हादसे के बाद स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को रवाना किया गया। स्टेशनों में यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं दी गईं।

- समीरकांत माथुर
सीपीआरओ, दपूमरे

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

पुरानी बस्ती में मनमानी, स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं को रोज आने-जाने में दिक्कत

# ये कैसा काम, बारिश में संकरी सड़क को खोदकर छोड़ा, स्कूली बच्चे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के पुरानी बस्ती क्षेत्र में तुलसी हॉटल से महामाया मंदिर जाने वाले मार्ग में पाइप लाइन बिछाने के नाम पर संकरी सड़क को खोद कर महीनाभर से खुला छोड़ दिया गया है। इससे आसपास के रहवासी सहित स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं बेहद परेशान हैं। उन्हें सुबह शाम स्कूल आने-जाने में रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के पालक सहित इस इलाके के बुजुर्ग, महिलाएं और युवाओं को अपने घरों के सामने बेतरतीब तरीके से सड़क खुदाई के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। भुक्तभोगियों ने वार्ड पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल, जोन 5 कमिश्नर और निगम मुख्यालय में इसकी शिकायत की है। इसके बाद भी उनकी परेशानी कम नहीं हुई।

शहर में अंडरग्राउंड केबल और पाइप लाइन बिछाने निगम द्वारा अनुबंधित ठेकेदार के कर्मचारी मनमाने तरीके से सड़क खुदाई कर महीनों गड्ढे को समतल करने नहीं आ रहे। पुरानी बस्ती के अमीनपारा क्षेत्र स्थित संकरी गली की सड़क को पाइप लाइन बिछाने एक छोर से दूसरे छोर तक खुदाई कर छोड़ दिया गया है। निगम के अधिकारी इसकी मानिटरिंग नहीं कर रहे। इसके कारण महीनाभर से संकरी शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

**लाखेनगर चौक से बूढ़ापारा चौक तक की स्ट्रीट लाइट बंद, शाम के समय गुजरना मुश्किल**





**विवेकानंद आश्रम से आजाद चौक के सड़क का बुरा हाल, बजरी उखड़ी**

शहर के मुख्य मार्ग जीई रोड स्थित विवेकानंद आश्रम के सामने से आजाद चौक तक हाल ही में सड़क डामरीकरण कराया गया। पर बारिश होते ही इस मार्ग की सड़क जगह-जगह से उधड़ने लगी है। डामरीकरण के दौरान प्रयुक्त बजरी बारिश में उखड़कर सड़क पर बिखरने से लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

**अंडरग्राउंड वायरिंग के बाक्स में करंट**

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा लाखे नगर चौक से बूढ़ापारा मार्ग में अंडरग्राउंड वायरिंग का काम कराया जा रहा है। इसके लिए ठेका एजेंसी की ओर से सड़क किनारे बीच-बीच में बाक्स लगाये गये हैं। उन बाक्स में बारिश के चलते करंट आने की शिकायत आ रही है। इससे लोगों के जान जाने का खतरा बना हुआ है। बाक्स काफी कमजोर लगाये हैं, जो तेज आंधी व बारिश के समय कभी भी गिर सकता है।

**वार्ड पार्षद लिली चौक के पास आज देंगे धरना**

पुरानी बस्ती में स्ट्रीट लाइट, अंडरग्राउंड केबल के नाम पर सड़क खुदाई और खस्ता हाल सड़क की मरम्मत में लेटलतीफी के विरोध में महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल 31 अगस्त को लिली चौक के पास धरना देंगे। धरना प्रदर्शन में प्रभावित इलाके के रहवासी भी शामिल रहेंगे। श्री अग्रवाल ने जोन आयुक्त और निगम आयुक्त से शिकायत के बाद भी जन समस्या की अनदेखी को लेकर नाराजगी जताई है।

युवक गंभीर रूप से घायल

## बीच रास्ते दिनदहाड़े युवक पर चाकू से कई वार, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में चाकूबाजी की वारदातें अब आम हो गई है। मंगलवार को शहर के तेलीबांधा थाना से कुछ दूर स्थित होटल उत्सव के पास दिनदहाड़े एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं घायल युवक को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



तेलीबांधा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना दोपहर की है। बताया गया कि सतनामीपारा तेलीबांधा निवासी मनीष धृतलहरे निवासी विशालनगर, बेबीलोन होटल टावर के पास स्थित एक दफ्तर में प्यून का काम करता है। मनीष दफ्तर से जब घर लौट रहा था, उसी दौरान होटल उत्सव के पास रास्ते में उसे उसका पुराना परिचित युवक जिसका नाम कुणाल वैष्णव बताया जा रहा है, ने उसका रास्ता रोक लिया और पुराने झगड़े की बात पर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में मनीष की पीठ पर करीब 4 से 5 वार किया गया है। वार करने के बाद कुणाल फरार हो गया। इधर वारदात के दौरान मौजूद कुछ लोगों ने सड़क पर घायल पड़े युवक की मदद करते हुए उसे जॉकी शो रूम के बाहर तक ले गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। इस सूचना शेष पेज 13 पर

**3 साल पुरानी रंजिश पर हमला**

पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि मनीष और कुणाल के बीच पुरानी रंजिश थी। यह रंजिश स्कूल के समय से थी। दोनों एक ही स्कूल में पढ़ते थे। इस दौरान उनके बीच किसी बात पर विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद कुणाल ने मनीष से रंजिश पाल रखी थी और उससे बदला लेना चाहता था। वारदात के दिन कुणाल पूरी तैयारी से मनीष को जान से मारने के इरादे से ही होटल उत्सव के पास उसका इंतजार कर रहा था। कुणाल को पता था कि मनीष इसी रास्ते से रोज घर जाता है। कुणाल ने मौके का फायदा उठाकर मनीष पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

**खबर संक्षेप**

### बिना अनुमति डीजे बजाया, केस दर्ज

**रायपुर।** पंडरी पुलिस ने बिना अनुमति लिए डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। आदर्शनगर मोवा में 29 जुलाई को विकास मीका अपने घर के बाहर डीजे साउंड बजा रहा था। इसके लिए उसने प्रशासन से अनुमति नहीं ली थी। डीजे साउंड की आवाज से मोहल्ले के लोग परेशान हो गए और इसकी शिकायत थाने में की, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डीजे साउंड सिस्टम को जब्त कर उसके मालिक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम 1985 की धारा 3, 5 पंजीबद्ध के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश किया।



### आदतन बदमाश गिरफ्तार, चाकू बरामद

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने आर्म्स एक्ट मामले में एक बदमाश के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि शिखर कांप्लेक्स के पास एक बदमाश चाकू लेकर लोगों को डराते घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे बटनदार चाकू के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी अनिकेत यादव उर्फ शेरा निवासी फूल चौक आदतन बदमाश निकला। उसके विरुद्ध पहले भी शिकायतें थाने में हो चुकी हैं। इस मामले में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



### चाकू लेकर डराते धरे गए दो बदमाश

**रायपुर।** चाकू लेकर लोगों को डराते घूम रहे दो बदमाशों के विरुद्ध गुढ़ियारी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। दोनों आरोपियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया गया है। इनमें सेवक उर्फ सोनू पोर्ते निवासी विकास नगर को विकास नगर के पास और प्रीतम ढीढी उर्फ सागर निवासी छोटा अशोक नगर को भारत माता चौक के पास गिरफ्तार किया गया है। दोनों के कब्जे से मौके पर चाकू जब्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### 16 पौवा शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में एक कोचिए के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। ग्राम दोंदेकला चटौद के पास पुलिस ने सोमवार को चंद्रशेखर निषाद के कब्जे से 16 पौवा देशी शराब एवं बिक्री के तीन सौ रुपए जब्त किए।

आमापारा से अनुपम गार्डन चौक तक निकाली रैली

## इंटरव्यू के 15 दिन बाद भी एसआई भर्ती का परिणाम घोषित नहीं, निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंटरव्यू होने के 15 दिन बाद भी सब इंस्पेक्टर भर्ती का परिणाम घोषित नहीं किए जाने से नाराज कीरब तीन सौ दावेदारों ने रैली निकालकर अपना विरोध जताया। एसआई के लिए चयनित होने की आस लगाए युवाओं ने आमापारा से अनुपम गार्डन चौक तक रैली के बाद उन्होंने कैंडल जलाकर विरोध जताया।

दावेदारों का कहना है कि 655 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी, जिसे वर्ष 2021-22 में बढ़ाकर 975 पद कर दिया गया था। विभिन्न तरीके के परीक्षा में सफल होने के बाद सितंबर 2023 में इंटरव्यू हुआ जिसके खिलाफ चयनित नहीं होने वाले दावेदारों ने न्यायालय में याचिका लगा दी थी। फैसला आने के बाद जुलाई में फिजिकल रूप से अनफिट 370 लोगों का परीक्षण किया गया और 58 लोग सफल हुए जिनका साक्षात्कार 15 जुलाई को हुआ। इस




तरह दो दौर के इंटरव्यू में कुल 1420 अभ्यार्थी शामिल हुए थे। अभ्यर्थी दिनेश कुमार ने बताया कि साक्षात्कार के माध्यम से होने वाली किसी भी भर्ती का परिणाम चौबीस घंटे के भीतर जारी कर दिया जाता है, मगर इस भर्ती का परिणाम 15 दिन बाद भी जारी नहीं किया गया। परिणाम शीघ्र जारी करने की मांग को लेकर उनके द्वारा आज रैली निकाल विरोध प्रदर्शन किया गया है। उनका कहना है कि काफी लंबे समय से भर्ती की प्रक्रिया पूरी करने की वजह से वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं।

## अंगदान, डेढ़ साल में सामने आए केवल आठ परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ब्रेनडेड मरीजों के अंग दूसरों को नया जीवन दे सकते हैं..। राज्य में पिछले डेढ़ साल में आठ परिवार ने इसकी महत्ता को समझते हुए अपने रिश्तेदारों का अंगदान किया है। अस्पतालों में बड़ी संख्या में ब्रेनडेड के केस सामने आते हैं, मगर परिवार को सही समय पर काउंसिलिंग नहीं होने की वजह से कैडेवर डोनेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती। राज्य में सोटो का गठन होने के बाद नवंबर 2022 में एक निजी अस्पताल के माध्यम से पहला अंगदान किया गया था। महिला की मृत्यु के बाद संबंधित परिवार ने इस प्रक्रिया को पूरा किया था। इसके बाद समय-समय पर सात अन्य परिवार ने भी अंगदान कराया, जिसमें अंतिम मामला 11 साल के बच्चे के कैडेवर शेष पेज 13 पर

- अस्पतालों में बड़ी संख्या में सामने आते हैं ब्रेनडेड केस
- सही समय पर परिवार की नहीं हो पाती जरूरी काउंसिलिंग

**हार्ट ट्रांसप्लांट नहीं**

राज्य में ब्रेनडेड मरीजों से मिलने वाली किडनी, लिवर, नेत्र और त्वचा का उपयोग जरुरतमंद मरीजों को प्रत्यारोपण के लिए किया जाता है। यहां अभी हार्ट ट्रांसप्लांट नहीं किया गया है। इसके लिए राजधानी के दो अस्पतालों में सुविधा का विस्तार किए जाने की योजना जरूर बनाई गई है। अभी दान में मिलने वाले हार्ट के टिशू का उपयोग बच्चों के हृदय के आपरेशन के लिए एक अस्पताल में किया जाता है।

**नुक्कड़ नाटक आज**

अंग और ऊतक दान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन छत्तीसगढ़ (सोटो) द्वारा बुधवार 31 जुलाई को सुबह 11 बजे से डीके हॉस्पिटल तथा दोपहर 1 बजे आंबेडकर अस्पताल में नयी चेतना नामक नुक्कड़ नाटक का आयोजन करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार के अंगदान जन जागरूकता अभियान से जरिये आम जनता तक अंगदान और ऊतक दान की जागरूकता लाना और सूचना देना है।

48 घंटे के लिए कई इलाकों का यलो अलर्ट

## दूसरे दिन भी थमी रही बारिश अब चार दिन बरसने के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सात दिनों तक व्यापक रूप से हुई बारिश दो दिन से थमी हुई है। अब अगले चार दिन मानसून के पुनः सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा अगले 48 घंटे के लिए रायपुर, बिलासपुर समेत कई जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक मंगलवार को भी प्रदेश में मानसून की सक्रियता कम रही और सर्वाधिक बारिश का आंकड़ा 5 सेमी. जशपुर जिले में पहुंचा था। राजधानी रायपुर समेत मैदान इलाके में आज बारिश नहीं हुई। इसकी वजह से अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक पहुंच गया और थोड़ी गर्मी महसूस हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बुधवार से राज्य में मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना बन रही है। कल अधिकतर स्थानों पर इसका प्रभाव हल्के से मध्यम रूप में रहेगा। इसके बाद गतिविधि बढ़ेगी और तीन जुलाई तक कई इलाकों में भारी बारिश भी होगी। अभी मानसून द्रोणिका जैसलमेर, अजमेर, ग्वालियर, चर्क, बालासोर और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा झारखंड और बांग्लादेश के आसपास विस्तारित है।

## पासपोर्ट वेरिफिकेशन अब ऑनलाइन, नहीं लगाना होगा डीएसबी से थाने तक चक्कर

**रायपुर।** पासपोर्ट बनाने के लिए आवेदन करने वालों को अब अपने वेरिफिकेशन के लिए डीएसबी से थाने तक चक्कर लगाने नहीं पड़ेंगे, क्योंकि रायपुर जिले के सभी थाने अब ऑनलाइन हो गए हैं। इन थानों को पुलिस मुख्यालय से टैबलेट बांटे गए हैं, जिनके माध्यम से पुलिस अब आवेदन करने वालों का वेरिफिकेशन खुद से करके इसकी रिपोर्ट तैयार कर एसएसपी ऑफिस भेजेगी। एसएसपी ऑफिस से यह रिपोर्ट वापस डीएसबी कार्यालय पहुंचेगी, जिसका अंतिम वेरिफिकेशन करने के बाद इसे ऑनलाइन किया जाएगा।

पीएचक्यू से ऑनलाइन पासपोर्ट आवेदनों के वेरिफिकेशन के लिए जिले के 31 थाना प्रभारियों को टैबलेट दिए शेष पेज 13 पर

**टैब के साथ आईडी-पासवर्ड दे चुके**

पासपोर्ट वेरिफिकेशन का काम अब ऑनलाइन होगा। इससे पासपोर्ट भी जल्द से जल्द बन जाएगा। ऑफलाइन के कारण वेरिफिकेशन में विलंब होता था, लेकिन ऑनलाइन होने के कारण अब यह जल्दी होगा। जिले के सभी थाना प्रभारियों को टैबलेट दे दिए गए हैं, जिसका आईडी-पासवर्ड भी दिया गया है। थाना प्रभारी की देखरेख में ही वेरिफिकेशन का काम होगा।

- **लखन पटले,** एएसपी, रायपुर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और कोरबा के लिए मिलेंगी 240 ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री ई बस सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा राज्य के विभिन्न शहरों में सार्वजनिक परिवहन सुविधा के लिए बसों की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान प्रदान की गई। खास बात ये है कि 240 ई बसें रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और कोरबा में चलाई जाएंगी।

## सीएस की अध्यक्षता में कमेटी की पहली बैठक, 70.34 करोड़ रुपए के प्रस्ताव भारत सरकार को




### इन शहरों में चलेंगी बसें

शहरों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम ई बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत राज्यों को शहरो के लिए जनसंख्या के आधार पर बसों की संख्या निर्धारित की गई है, जिसके संबंध में राज्य स्तरीय स्टेयरिंग कमेटी (एसएलएससी) की प्रथम बैठक 30 जुलाई को हुई। समिति द्वारा रायपुर हेतु 100 मिडी ई बस, दुर्ग भिलाई हेतु 50 मिडी ई बस, बिलासपुर हेतु 35 मिडी तथा 15 मिनी ई बस और कोरबा हेतु 20 मिडी तथा 20 मिनी ई बसों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया है तथा योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार बीटीएम और बस डिपोट सिविल अधोसंरचना हेतु राशि रूपए 70.34 करोड़ रूपए के प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किये जाने का अनुमोदन किया गया।

### आरामदायक होगी बस यात्रा

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की यह योजना राज्यों को मिलने वाली केंद्रीय सहायता को पारदर्शिता और उनके प्रदर्शन से जोड़ने की कोशिश का हिस्सा है। केंद्र सरकार की मंशा है कि यह योजना शहरों में मेट्रो के विकल्प या उसके सहयोगी साधन के रूप में विकसित हो ताकि लोगों को किफायती, भरोसेमंद और सुगम परिवहन की सुविधा मिले। ई-बस सेवा से छत्तीसगढ़ के शहरों में कम कार्बन उत्सर्जन से वायु गुणवत्ता में सुधार तथा पर्यावरणीय संरक्षण के साथ-साथ कम ऊर्जा खपत और बेहतर ईंधन दक्षता एवं आरामदायक सुखद यात्रा प्राप्त होगा। बैठक में परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस, विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप




### सेवा भारती समिति के अध्यक्ष बने नागेश्वर

**रायपुर।** गोविंद नगर स्थित जागृति मंडल में गत दिनों सेवा भारती समिति छत्तीसगढ़ का द्वितीय चुनाव हुआ, जिसमें चार पदाधिकारियों एवं पांच सदस्यों के नाम का घोषणा सर्वसम्मति से की गई। इन पदाधिकारियों में भिलाई के वी. नागेश्वर राव को अध्यक्ष बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष डॉ. संतोष सिंह ठाकुर बिलासपुर, सचिव वासुदेव पटेल रायपुर, सहसचिव नारद सिन्हा महासमुंद, कोषाध्यक्ष डॉ. अनीता अग्रवाल रायपुर, सदस्य में रायपुर के अभयराम कुंभकार, संजय दुबे, केशव गुप्ता आदि हैं।

### किसानों को 8.64 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों को चालू खरीफ सीजन में विभिन्न फसलों की बोनी के लिए सरकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से सुगमता के साथ प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब तक किसानों को विभिन्न खरीफ फसलों के 8 लाख 64 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण किए गए हैं, जो कि राज्य में बीज की मांग का 88 प्रतिशत है। गौरतलब है कि राज्य में खरीफ की विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीज की कुल मांग 9 लाख 78 हजार क्विंटल है, इसके विरूद्ध 9 लाख 78 हजार क्विंटल प्रमाणित बीज भण्डारण किया जा चुका है, जो कि बीज मांग का 97 प्रतिशत है। किसानों को अब तक 8.64 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया गया है, जो मांग का 88 प्रतिशत है।

### राज्य में लक्ष्य का 81 प्रतिशत बोनी पूर्ण

**रायपुर।** चालू खरीफ सीजन में अब तक लक्ष्य का 81 प्रतिशत बोनी पूर्ण हो चुकी है। जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 39.28 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है।

### राज्य में अब तक 551.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक, 1 जून 2024 से अब तक राज्य में 551.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से 30 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1325.5 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 205.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1236 मिलीमीटर है।

### 9 वार्डों में शिविर, 2556 आवेदन मिले, 2001 का निराकरण



**रायपुर।** जन समस्या निवारण पखवाड़ा के तीसरे दिन शहर के 9 अलग-अलग वार्डों में शिविर लगाया गया। जिसमें 2,556 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें से 2001 आवेदन शिविर में निराकृत किये गये। यतियतन लाल वार्ड के तहत पाटीदार भवन में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इसी तरह दानवीर भामाशाह वार्ड के मिनी माता भवन, जोन 3 के कालीमाता वार्ड के पार्षद कार्यालय खपराभट्ठी में जन समस्या निवारण शिविर में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृत ऋण राशि से संबंधित धनादेश वार्ड पार्षद ने हितग्राहियों को प्रदान किये। जोन 5 के पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडी नगर सेक्टर 2 सामुदायिक भवन और जोन 7 के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के कर्मा सामुदायिक भवन दिशा कालेज के सामने जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया।

## प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 3 अगस्त को आएंगे, बैठक के बाद होगा अंतिम फैसला

# अगले माह कभी भी होगा प्रमुख निगम और मंडलों में नियुक्तियों का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब निगम, मंडलों को लेकर जश्न की तैयारी हो रही है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन 3 अगस्त को आने वाले हैं। यहां पर प्रदेश संगठन की बैठक के बाद कभी भी प्रमुख निगम, मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इसको लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा में सहमति बनने की खबर है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब तक निगम और मंडलों में नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। सरकार बनने के बाद लोकसभा चुनाव आ गया और आचार संहिता लग गई। ऐसे में सभी लोकसभा चुनाव में व्यस्त हो गए। अब लोकसभा का चुनाव निपट चुका है। साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर भी जो कवायद चल रही थी, उस पर फिलहाल विराम लग गया है। मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा, ऐसा कहा जा रहा है। इस बीच अब यह बात सामने आ रही है कि कुछ निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी हो गई है।



### इनके नाम चर्चा में

जिनके नाम चर्चा में चल रहे हैं, उनमें प्रदेश संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पहले गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष रह चुके भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री और आरडीए के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत, संदीप शर्मा, विकास मरकाम, अमित चिमनानी, लक्ष्मी वर्मा, सौरभ सिंह, जगन्नाथ पाणिग्रही, नीलू शर्मा के नाम प्रमुख हैं।

### कभी भी जारी हो सकती है सूची

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का दो बार दिल्ली दौरा हुआ है। इस दौरे में मुख्यमंत्री श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम की केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही अन्य मंत्रियों से तो मुलाकात हुई है, साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में कुछ निगम, मंडलों में नियुक्तियों को लेकर सहमति बनने की बात सामने आ रही है। इनके एक दिन पहले ही दिल्ली से लौटने के बाद अब यह खबर आ रही है कि जल्द ही कुछ प्रमुख निगम और मंडलों में नियुक्ति की जाएगी। ऐसा होने से कार्यकर्ताओं के साथ जिनकी नियुक्ति होगी, उनमें ऊर्जा का संचार होगा और वे ज्यादा उत्साह के साथ नगरीय निकाय चुनाव में काम करेंगे। इसी के साथ बचे हुए निगम, मंडलों के लिए भी कार्यकर्ताओं में उत्साह और उत्सुकता रहेगी कि इनमें कितनी नियुक्तियां होंगी।

# चार अगस्त को छत्तीसगढ़ को मिलेगा नया डीजीपी, देर हुई तो प्रभारी को जिम्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में चार अगस्त को नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल जाएंगे। मौजूदा डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल इसी दिन समाप्त होने वाला है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार नए डीजीपी की नियुक्ति के लिए यूपीएससी को नामों का पैनल भेजा जाना है, लेकिन अगर इसमें देर हुई तो प्रभारी डीजीपी की नियुक्ति की जा सकती है। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि राज्य में नए डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। हालांकि इस पद के दावेदारों में दो वरिष्ठ अधिकारियों अरुणदेव गौतम और हिमांशु गुप्ता के नाम की चर्चा है। यह भी कहा जा रहा है कि अंदरखाने में डीजीपी की नियुक्ति के लिए जोड़तोड़ की जा रही है।



### यूपीएससी को भेजा जाएगा पैनल

सूत्रों के अनुसार डीजीपी के चयन के लिए राज्य सरकार की ओर से यूपीएससी दिल्ली को नामों का पैनल भेजा जाना है। इसके बाद यूपीएससी द्वारा की जाने वाली डीपीसी में संभावित नामों पर विचार किया जाएगा। यह प्रक्रिया होने पर डीजीपी का नाम तय हो जाएगा, लेकिन इसके साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि अगर यूपीएससी को नामों का पैनल भेजने में किसी भी वजह से देर हुई तो चार तारीख तक राज्य में प्रभारी डीजीपी की नियुक्ति भी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि अशोक जुनेजा का कार्यकाल चार अगस्त को समाप्त होने से पहले उनका नियमित सेवाकाल पूर्व सरकार के समय से ही समाप्त हो चुका है, लेकिन सरकार बदलने के बाद भी उनकी संविदा पदस्थापना जारी रखने का फैसला किया गया था। अब यह सेवाकाल भी समाप्त हो रहा है।

### दो सेमेस्टर की फीस एक साथ, विरोध में उतरे छात्र

रायपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आरआईटीईई महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों से दो सेमेस्टर की फीस एक साथ लिए जाने का विरोध किया। एबीवीपी का आरोप है कि विद्यार्थियों द्वारा फीस का भुगतान समय पर किए जाने के बाद भी पूरे वर्ष का शुल्क शुरुआत में ही देने कहा जा रहा है। कई विद्यार्थी स्कॉलरशिप वाले हैं और स्कॉलरशिप आने से पहले किसी भी हालत में फीस देने में असमर्थ हैं। एबीवीपी ने नए नियमों का विरोध करते हुए कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश तकनीकी प्रमुख रोहन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी इसमें शामिल रहे।

## दीपक बैज ने कहा

# बृजमोहन संघ से पूछें एससी, एसटी को संघ प्रमुख क्यों नहीं बनाते

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से यह पूछने कि किसी एससी, एसटी, ओबीसी को नेता प्रतिपक्ष क्यों नहीं बनाया पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बृजमोहन सहित पूरे भाजपा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा संसद में उठाए जा रहे जनहित के मुद्दों से तिलमिला जाते हैं। राहुल गांधी संसद में देश के मजदूरों, किसानों, एससी, एसटी, ओबीसी, महिला ओबीसी की आवाज बुलंद कर रहे हैं, तो भाजपा को पीड़ा हो रही है। बौखलाहट में भाजपा के सांसद अनर्गल बयानबाजी करने लगते हैं।

श्री बैज ने कहा, बृजमोहन अग्रवाल को एससी, एसटी, ओबीसी की इतनी ही चिंता है तो वे बताए, भाजपा के पितृ संगठन आरएसएस में आज तक किसी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग को संघ



प्रमुख क्यों नहीं बनाया गया। संघ में जितने भी प्रमुख बनाए गए वे सारे के सारे रज्जू भैया को छोड़कर सभी एक ही समुदाय से क्यों थे। संघ में दूसरे समाज के लोगों को संघ प्रमुख क्यों नहीं बनाया जाता बृजमोहन इसका जवाब देंगे। श्री बैज ने कहा, बृजमोहन 35 सालों से रायपुर शहर दक्षिण से विधायक चुने जाते रहे हैं। अब वे सांसद बन चुके हैं। उनके सांसद बनने के बाद रायपुर दक्षिण की जो विधानसभा सीट खाली हुई है क्या बृजमोहन वहां से किसी एससी, एसटी समुदाय के व्यक्ति को भाजपा का उम्मीदवार बनाने की सिफारिश करने का साहस दिखाएंगे।

# दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में डबल लाइन से पानी अपव्यय रोकने पुरानी लाइन करेंगे डिस्कनेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में नगर निगम का जल विभाग नई व पुरानी पाइप लाइन दोनों जगहों से पानी की आपूर्ति कर रहा है। इससे एक तरफ जहां साफ पानी की बरबादी हो रही है, वहीं शहर के अंतिम छोर पर बसे इलाकों में पानी की आपूर्ति को लेकर लोग परेशान हैं। इसे देखते हुए नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को हिदायत दी है कि ऐसे चिन्हांकित इलाकों में जहां नये व पुराने पाइप लाइन से जल आपूर्ति की जा रही है, वहां पुराने लाइन को जल्द डिस्कनेक्ट किया जाये, ताकि डबल लाइन से शहर में पानी के हो रहे अपव्यय को रोका जा सके।

दरअसल, नगर निगम के 70 वार्डों में लोगों के घरों तक साफ पानी पहुंचाने नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अलग-अलग योजना के माध्यम से नई पाइप लाइन बिछाकर जल आपूर्ति की व्यवस्था बनाई गई है। इसमें नगर निगम अमृत मिशन के तहत और रायपुर स्मार्ट सिटी शहर के 15 वार्डों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर 24 घंटे जल आपूर्ति करने के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है।

### इन क्षेत्रों को किया चिन्हांकित



**रविशंकर शुक्ल वार्ड का राजातालाब एरिया**

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के राजातालाब एरिया को निगम के अफसरों ने चिन्हांकित किया है, जहां नई व पुरानी पाइप लाइन दोनों जगहों से जल आपूर्ति हो रही है। इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को होने के बाद भी पुराने पाइप लाइन को अब तक डिस्कनेक्ट नहीं किया गया है। निगम आयुक्त के संज्ञान में यह बात आई है। इसके बाद उन्होंने संबंधित जोन कमिश्नर को पुरानी लाइन डिस्टकनेक्ट करने पत्र लिखा है।

**शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड का रामकुंड एरिया**

नगर निगम जोन 7 कमिश्नरी क्षेत्र अंतर्गत शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के रामकुंड क्षेत्र में नई व पुरानी पाइप लाइन से जल आपूर्ति की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक एक ही पाइप लाइन से संबंधित रहवासी इलाके में पानी की आपूर्ति व्यवस्था बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि लोगों को पानी की समस्या न हो।

**ब्राह्मणपारा में डबल लाइन**

नगर निगम जोन 4 के ब्राम्हणपारा वार्ड में पुरानी पाइप लाइन से जल आपूर्ति के साथ ही नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति हो रही है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां एक से अधिक पाइप लाइन के माध्यम से पानी जा रहा है। ऐसे में पानी की बरबादी रोकने पुराने पाइप लाइन को डिस्कनेक्ट कर नई पाइप लाइन से ही पानी देने की व्यवस्था बनाई जायेगी।

**बैरनबाजार का पेंशनबाड़ा इलाका**

स्मार्ट सिटी के कमांड एरिया में शामिल बैरनबाजार क्षेत्र के पेंशन बाड़ा एरिया में डबल लाइन से पानी की सप्लाई हो रही है। पुरानी पाइप लाइन की जगह अब नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति करने जोन के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में जोन स्तर पर यह कार्य किया जायेगा। इसके अलावा फाफाडीह क्षेत्र में कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है, जोन 2 कमिश्नरी को इस संबंध में हिदायत दी गई है।

## संजय श्रीवास्तव बोले

# ढेबर की धमकी कांग्रेस का अराजकतावादी चरित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने राजधानी में कांग्रेस द्वारा आहूत प्रदर्शन के दौरान रायपुर के महापौर एजाज ढेबर द्वारा अपने खिलाफ हो रही कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस अधिकारी का नाम लेकर आत्महत्या की धमकी देने को ढेबर के बचकानेपन और कांग्रेस के नए-नए अराजकतावादी चरित्र का परिचायक बताया है।



श्री श्रीवास्तव ने कहा, ढेबर को यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रशासनिक अधिकारियों को आत्महत्या की धमकी देकर कानूनसम्मत कार्य से रोकने के लिए इस तरह दबाव बनाना भी एक तरह का अपराध होता है, जो वह अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए सरेआम इन दिनों लगातार कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा, रायपुर के महापौर जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे ढेबर को अपने इस राजनीतिक आचरण पर शर्म महसूस करनी चाहिए, क्योंकि वह अच्छे से जानते हैं कि राजनीतिक आंदोलनों में इस प्रकार के मामले दर्ज होते रहते हैं। कांग्रेस के शासनकाल में तो अनेक भाजपा नेताओं पर दर्जनों मामलों में एफआईआर होती रही, जबकि ढेबर को तो प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारी और जवानों से धक्का-मुक्की, झूमाझटकी करते उस दिन के वायरल वीडियो में साफ देखा जा रहा है और इसीलिए ढेबर पर कानूनी शिकंजा कसा है।

श्री श्रीवास्तव ने कहा, अपने खिलाफ कानूनी कार्रवाई को रोकने के लिए ढेबर अब दबाव बनाने की बचकानी राजनीति कर रहे हैं। ढेबर को यह बात समय रहते अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए कि इस मामले में अब वह पूरी तरह अकेले पड़ गए हैं और कांग्रेस का एक भी नेता ने झूठे मुंह भी यह कहने की जरूरत नहीं समझी कि इस लड़ाई में वह ढेबर के साथ खड़े हैं और हमारे खिलाफ भी केस दर्ज किया जाए।

## डेंटल कालेज के मरीज कर रहे सीबीसीटी मशीन का इंतजार

**सीजीएमएससी लंबे समय से पूरी कर रहा खरीदी की प्रक्रिया**

# छह महीने में नहीं हो पाई खरीदी दांतों की जांच पुरानी मशीन के जरिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एकमात्र सरकारी दंत चिकित्सालय में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उनके इलाज के लिए चिकित्सक अभी भी पुरानी एक्सरे मशीन से दांतों की जांच कर रहे हैं। इसकी खरीदी छह माह बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। सीजीएमएससी को इस मशीन की खरीदी की जिम्मेदारी दी गई है जिसकी प्रक्रिया अब तक अधूरी है।

सूत्रों के अनुसार राज्य में शासकीय स्तर पर एकमात्र दंत चिकित्सालय है, जहां रोजाना चार से पांच सौ मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। दांतों मसूड़ों से संबंधित समस्या के निराकरण के लिए पहले उसकी जांच की आवश्यकता होती है जिसकी प्रक्रिया पुराने एक्सरे मशीन के माध्यम से पूरी की जा रही है। इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है, जिसकी वजह से एक निर्धारित अवधि में सीमित संख्या में मरीजों का इलाज हो पाता है। कालेज प्रबंधन द्वारा आवश्यकता को देखते हुए बीमारी की सटीक जांच के लिए सीबीसीटी मशीन का प्रस्ताव दिया था जिसे शासन स्तर अनुमति मिल चुकी है। इसके बाद सीजीएमएससी के माध्यम से लगभग एक करोड़ में आने वाली इस मशीन की खरीदी की जानी है। कालेज प्रबंधन द्वारा इस संबंध में सारी औपचारिकता पूरी कर दवा कार्पोरेशन को दस्तावेज भेज चुकी है मगर उनकी ओर से खरीदी की प्रक्रिया पूरी कर अब तक मशीन की सप्लाई नहीं की गई है। चिकित्सकों के अनुसार इस मशीन के माध्यम से जबड़े और दांतों की थ्रीडी स्कैनिंग कर बीमारी का सटीक तरीके से पता लगाया जा सकता है और इलाज में आसानी होती है।



**मिलने का इंतजार**

कालेज प्रबंधन अपनी ओर से सारी प्रक्रिया पूरी कर चुका है। मशीन की खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से की जानी है।

\- डॉ. विरेन्द्र वाढेर, प्राचार्य, शासकीय दंत महाविद्यालय

# छत्तीसगढ़ में रेडियो सेवा को बेहतर बनाने सांसद बृजमोहन ने लोकसभा में की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, लोकसभा में मंगलवार को नियम 377 के तहत छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी की रेडियो सर्विस को बेहतर बनाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से मांग की। श्री अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर के आकाशवाणी केन्द्र में स्वीकृत 30 पदों में से 20 पद रिक्त हैं तथा पर्याप्त संख्या में स्टाफ नहीं होने के कारण आदिवासी अंचल जगदलपुर (बस्तर) में सी-बैंड अप-लिंग आरएनयू सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद भी, यहां केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का स्थानीय भाषा में सप्ताह में केवल एक ही दिन प्रसारण होता है, जिससे आदिवासी भाई-बंधु को समाचारों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां नियमित रूप से सुनने में समस्या आती है।



### सीएसआर मद से 600 करोड़ के काम

बृजमोहन अग्रवाल ने कॉरपोरेट कार्य मंत्री से छत्तीसगढ़ समेत देश भर में सीएसआर मद के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा मांगा है। जिस पर कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया, छत्तीसगढ़ में 2022-23 में इस मद से करीब 600 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। जो की 2021 -22 में करीब 300 करोड़ रुपए और 20-21 में 325.53 करोड़ रुपए थे।

### इस्पात उत्पादन बढ़ाने की मांग

श्री अग्रवाल ने लोकसभा में कहा, छत्तीसगढ़ देश का बड़ा इस्पात उत्पादक राज्य है जहां देश का 38 फीसदी स्टील का उत्पादन होता है। साथ ही राज्य में देश का कुल 20 फीसदी लौह अयस्क उपलब्ध है। जिस कारण बीएसपी और इस्पात की कई बड़ी कंपनियों के यहां संयंत्र है, जो उत्पाद के साथ ही बड़ी संख्या में रोजगार भी उपलब्ध करा रही हैं।

**खबर संक्षेप**

## जूनियर बैडमिंटन में तीसरी बार भी सौरभ बने चैम्पियन




रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट सब जूनियर बिलासपुर बैडमिंटन राज्य चैंपियनशिप में सौरभ साहू लगातार तीन साल से चैम्पियन बने। योनेक्स सनराइज अंडर-19 बैडमिंटन स्टेट चैंपियनशिप में सौरभ और जयेश की जोड़ी दिव्यांश अग्रवाल और मानस भट्टाचार्य को सीधे सेट में हराकर विजेता बनी एवं सौरभ साहू, माही सेन की जोड़ी जयेश और श्वेता की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर विजेता बनी। यह कारनामा सौरभ साहू लगातार 3 साल से कर रहे हैं, वे पिछले 3 साल से स्टेट चैंपियन रहे हैं, वही सिंगल में मानस भट्टाचार्य ने अक्षय दत्त को हराकर किताब पर कब्जा किया। गर्ल्स में तनु चंद्र ने राशि को हराकर किताब पर कब्जा किया। गर्ल्स डबल्स में माही सेन और इशिता ने राशि और श्वेता की जोड़ी को हराकर किताब पर कब्जा किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव और बैडमिंटन जिला संघ की सचिव कविता दीक्षित भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

## अवंति विहार के रहवासियों ने लगाए पौधे

रायपुर। अवंति विहार स्थित समृद्धि एवेन्यू, सेंट जेवियर्स स्कूल मार्ग पर



विगत कई वर्षों से लगे विशाल वृक्ष के प्राकृतिक तरीके से गिरने के बाद ठीक उसी स्थान पर यहां के रहवासियों ने पौधे लगाए। इस मौके पर मास्टर आदित्य कृष्णानी, नितिन कृष्णानी, प्रदीप अशोक सिहानी, संजय थारानी, कुणाल मत्तानी, लविश छाबड़ा, हेमंत गजवानी, सूरज जेठानी, अरुण गंगवानी उपस्थित रहे। यहां के रहवासियों ने सेंट जेवियर्स मार्ग पर आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने की बात कही, साथ ही पास में स्थित चंडीनगर बस्ती में भी रहवासियों को पेड़ लगाने का महत्व समझाकर पौधारोपण कराने का संकल्प लिया।

**निधन**

## गौरीशंकर मिश्रा

रायपुर। समता कॉलोनी निवासी गौरीशंकर मिश्रा का 30 जुलाइ को



निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रणेश मिश्रा के पिता और पत्रकार राजेश मिश्रा, कान्यकुब्ज समाज के सचिव सुरेश मिश्रा, अनिल मिश्रा के चाचा थे।

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली, रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक-37. श्रीमती उषा मिश्रा पति श्री राजेश कुमार मिश्रा के नाम से आबंटित था आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 28/04/2010 पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया था. तथा मूल आबंटी श्रीमती उषा मिश्रा पति श्री राजेश कुमार मिश्रा की मृत्यु दिनांक 26/12/2021 को हो जाने के कारण उनके पुत्र/उत्तराधिकारी श्री नितेश मिश्रा पिता स्व.श्री राजेश मिश्रा निवासी-एल आई.जी. -37. हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, धनसुली, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरित किया गया है. उक्त नामांतरी द्वारा उक्त भवन को श्री प्रेमलाल सिन्हा पिता श्री चिंताराम सिन्हा स्थायी पता-ग्राम नारथी, पो. औंधी तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) वर्तमान पता एल.आई.जी.-39, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, धनसुली, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की गई।

अतः उक्त भवन के विक्रय विलेख के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। **संपदा अधिकारी**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर**

# मरीजों के लिए सात सौ बिस्तर के नए भवन का निर्माण मानसून के बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के मरीजों के लिए सात सौ बिस्तर के नए भवन के निर्माण की योजना पर काम मानसून के बाद शुरू होने की उम्मीद है। इस भवन निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई है। सातमंजिला भवन बनाने पुराने ब्वॉयज हॉस्टल को चिन्हित किया गया है।

**अलग खबर**

शासन ने आंबेडकर अस्पताल के विस्तार के लिए नया भवन बनाने की घोषणा की है। इसके लिए निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी जा चुकी है। कॉर्पोरेशन एजेंसी तय करने के बाद इसके निर्माण संबंधित अन्य कार्य शुरू किए जाने की संभावना है। इसके लिए बरसात का मौसम समाप्त होने तक इंतजार किया जाएगा।

नए भवन का निर्माण जिस जगह किया जाएगा, वहां पुराना हॉस्टल बड़ी चुनौती के रूप में खड़ा है। नया भवन बनाने इस खंडहर को तोड़ा जाएगा। योजना के अनुसार यह भवन सात मंजिला होगा, जिसमें सात सौ बिस्तर की सुविधा होगी। इसके अलावा आईसीयू, ओटी सहित अन्य व्यवस्था भी यहां की जाएगी। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री ने भवन के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया था और वहां निर्माण के बाद आने वाली बाधा को पहले दूर करने के निर्देश दिए थे।

**आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए बनाया जाएगा भवन**

### सेटअप भी स्वीकृत होगा

अस्पताल के नए भवन का निर्माण पूरा होने के बाद इसके लिए चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ की भर्ती के लिए पृथक सेटअप भी स्वीकृत किया जाएगा। अभी अस्पताल का काम सात सौ बिस्तर वाले स्टाफ के भरोसे चल रहा है जबकि यहां बिस्तरों की क्षमता दोगुनी होने के करीब है। पुराने भवन में सीमित सुविधा की वजह से दबाव काफी है। कुछ बड़े विभागों के वहां जाने के बाद पुराने भवन को भी राहत मिलने की उम्मीद है।



### तीन बड़ी योजनाएं समाहित

अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सात सौ बिस्तर क्षमता वाले इस नए अस्पताल भवन का निर्माण तीन बड़ी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इसमें मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का अलग सेटअप, एल-टू-ट्रामा, तथा कैंसर विभाग के जी-प्लस सेवन की योजना शामिल है। शुरुआत की दो योजनाओं के लिए पहले भी राशि स्वीकृत की जा चुकी है, वहीं कैंसर भवन के विस्तार को करीब दो साल पहले मंजूरी दी गई थी।

### जेएनआरयूएम के तहत केन्द्र से मिले पैसों से निगम ने खरीदी थीं 67 सिटी बस सिटी बस, 17 कंडम

# जनता के पैसे से खरीदी सिटी बस 9 साल में कंडम, प्राइवेट बस चलती है 10 से 15 साल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



जनता से मिले टैक्स के पैसे से खरीदी गई नगर निगम की 67 सिटी बसों में से 17 बसें 9 साल में कंडम हो गईं, जबकि प्राइवेट बस 10 से 15 साल चलती है। 60 लाख की कीमत वाली एसी बस से लेकर 28 लाख की कीमत वाली नान एसी बस का हाल ये है न ये चलने लायक स्थिति में है और न ही इसका मरम्मत हो सकता है। नगर निगम इन कंडम सिटी बसों को नीलाम कराने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित शहरी सार्वजनिक यातायात समिति इस पर निर्णय ले सकती है। खस्ताहाल सिटी बसें एक अरसे से पंडरी के सिटी बस डिपो में धूल खाते पड़ी हैं।

राजधानीवासियों को किफायती व सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने केन्द्र की जेएनआरयूएम योजना के तहत रायपुर नगर निगम ने साल 2014 के अंत में 67 सिटी बसों की खरीदी की। 60 लाख की लागत वाली 10 एसी बस और 28 लाख की लागत की नान एसी सिटी बस शामिल थी। शुरुआत में 5 साल तक नगर निगम से अनुबंधित कंपनी ने इन बसों को सफलता पूर्वक निर्धारित रूट पर संचालित किया। इसके बाद 2 साल तक कोरोनाकाल में बसों का संचालन प्रभावित रहा। कोरोनाकाल खत्म होने के बाद भी बंद पड़े सिटी बसों के संचालन के लिए टेंडर निकालने में लेटलतीफी के चलते 1 साल गुजर गया।

- **हाल ये कि न चलने लायक, न बनने लायक**
- **अब नीलामी की तैयारी**

इस अवधि में नगर निगम द्वारा खरीदी गई सिटी बसें पंडरी के डिपो में खुले आसमान के नीचे खड़ी रही।डेढ़ साल पहले 67 सिटी बसों के संचालन के लिए नगरनिगम ने टेंडर निकाला। जिसमें सिटी बस संचालन के लिए 5 साल तक की समय अवधि के लिए एग्रीमेंट हुआ। इसमें 1 करोड़ 24 लाख रुपये बस मरम्मत के लिए अनुबंधित एजेंसी को शासन की तरफ से प्राप्त हुए। पर 67 में से केवल 46 सिटी बसें अलग-अलग रूट पर संचालित हुई। बाकी के 17 सिटी बसें कंडम हो जाने से चल नहीं पाईं। यानी जनता के पैसे से खरीदे गये सिटी बस देखरेख के अभाव में चलने लायक नहीं रहे।

### किसी का गेयर बाक्स खराब किसी गाड़ी का टायर टयूब गायब, कई गाड़ी के पार्टस खराब

देखरेख के अभाव में एक अरसे से बंद सिटी बसों की हालत ये है कि किसी गाड़ी में गेयर बाक्स खराब है, तो किसी गाड़ी के टायर-टयूब तक गायब हैं। कुछ बसें ऐसी भी जिनके इंजन काम नही कर रहे। ऐसी भी सिटी बस पंडरी डिपो में धूल खाते पड़ी है जिनके महंगे कल पुर्जे गाड़ी में नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक एक गाड़ी की मरम्मत में 3 लाख तक खर्च है।

### कंडम करने का प्रावधान नहीं है : छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के प्रमुख सैयद अनवर अली का कहना है सिटी बस में सरकार और पब्लिक का लगा है। 10 साल में इन गाड़ियों को कंडम करने का प्रावधान नहीं है। यदि ऐसा होता है, तो महासंघ इसके विरोध में सड़क पर उतरकर शहर में बड़ा आंदोलन करेगा। इस संबंध में उन्होंने नगर निगम आयुक्त और जिला कलेक्टर को पहले ही अवगत करा दिया है। बंद पड़े 17 सिटी बसों की मरम्मत कराकर इसे दोबारा चलाया जाना चाहिए।

# तेलीबांधा तालाब का पानी साफ करने नगर निगम ने किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा तालाब के पानी साफ करने के लिए नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर किया है। इसमें अनुबंधित एजेंसी को 10 साल तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन व संधारण करना होगा। साथ ही तालाब में स्थापित 1.5 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अपग्रेड कर 2 एमएलडी की क्षमता में विकसित करना होगा। टेंडर 23 अगस्त को खुलेगा।

तेलीबांधा तालाब के रखरखाव में कोताही और तालाब में आक्सीजन की कमी से बड़ी संख्या में मछलियों के मरने के घटनाक्रम के बाद नगर निगम ने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर तालाब के जलशुद्धिकरण कार्य के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया है। अनुबंधित एजेंसी को तालाब में गंदे पानी को उपचारित करने एसटीपी का उपयोग करते हुए उसकी क्षमता 1.5 एमएलडी बढ़ाकर 2 एमएलडी में अपग्रेड करना है। इस कार्य के लिए नुबंधित एजेंसी को नगर निगम 2 करोड़ 82 लाख रुपये का भुगतान करेगा।

### जैविक विधि से तालाब की सफाई का सिस्टम

तेलीबांधा तालाब प्रदेश का पहला ऐसा तालाब है, जिसके पानी को शुद्ध रखने जैविक तकनीक का उपयोग किया गया है। पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शुरुआत में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने यहां जलशुद्धिकरण करने 3.50 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया, ताकि तालाब के पानी में बदबू ना आये और पानी में आक्सीजन की मात्रा बराबर बनी रहे। इससे तालाब में छोड़े गये राजहंस के जोड़ों व जलीय जीव जंतुओं का जीवन सुरक्षित रखने में आसानी होती है।

### ऑनलाइन टेंडर किया है

तेलीबांधा तालाब के जल साफ करने के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया है। अनुबंध के अनुसार चयनित एजेंसी को 10 साल तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन व संधारण करना होगा।

**- राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर

**पेज 11 के शेष**

### ट्रेन हादसे में...

ट्रेन में सफर कर रहा हर यात्री हादसे के बाद डर और सहमा हुआ था। रायपुर पहुंचीं यात्री निशा ने बताया कि इतना बड़ा हादसा देखने के बाद फिर ट्रेन में सफर करने की हिम्मत नहीं थी। आंखें बंद करने पर अब भी खौफनाक मंजर दिखाई दे रहा है। मौत को करीब से देखकर लौटी हूं। निशा की मां स्टेशन पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि जब सुबह जानकारी मिली कि जिस ट्रेन में हादसा हुआ, उस ट्रेन में बेटी सफर कर रही है, तब से मन बेचैन था। दिनभर कुछ खाया भी नहीं। रात 8 बजे से ही स्टेशन पहुंचकर ट्रेन का इंतजार कर रही थी। बेटी को स्वस्थ, सकुशल देखने के बाद ही मन को अच्छा लगा।

**हर कोच में यात्रियों को शरीर में दर्द की शिकायत** -ट्रेन के स्टेशन पहुंचने से पहले ही मेडिकल टीम जरूरी दवाएं और स्ट्रेचर लेकर तैनात हो चुकी थी। टीम ने जनरल से लेकर एसी कोच तक के सभी यात्रियों से मिलकर उनका स्वास्थ्य और हालचाल जाना। इस दौरान ज्यादातर यात्रियों ने डॉक्टर को कमर, हाथ और सिर में दर्द की शिकायत बताई। टीम ने यात्रियों ने दवा उपलब्ध कराई। इसके अलावा शरीर में दर्द से राहत देने के लिए स्प्रे भी लगाया। कई यात्रियों के शरीर में नस में खिंचाव, सूजन के साथ खरोंच के निशान दिखाई दिए। जनरल मेडिसिन डॉ. गंधर्व पांडेय ने बताया कि सभी यात्री स्वस्थ हैं। यात्रियों को मामूली चोटें हैं, जिसके लिए उन्हें दवा दी गई है। प्लेटफार्म पर ट्रेन 40 मिनट तक खड़ी रही। सभी कोच के यात्रियों से पूछताछ के बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

### मोबाइल की लाइट...

तक ट्रेन में अफरा-तफरी मची रही। जब ट्रेन से नीचे उतरकर देखा तो एसी के सारे कोच और स्लीपर का एक कोच एक के ऊपर एक चढ़े हुए दिखाई दिए। हादसे के दौरान काफी अंधेरा था। कुछ ही देर बाद पास के गांव वाले घटनास्थल पहुंचे। सुबह 5 बजे एंबुलेंस और रेस्क्यू की टीम तथा मिलिट्री वाले भी पहुंचे। जहां आगे यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### ये कैसा काम, बारिश...

और खुदी हुई सड़क लोगों के लिए मुसीबत का कारण बनी हुई है। आए दिन इस मार्ग की स्ट्रीट लाइटें बंद रहती है। यही हाल लाखे नगर चौक से बूढ़ापारा चौक तक का है, जहां की स्ट्रीट लाइट बंद है। सूत्रों के मुताबिक अंधेरे की वजह से हाल ही में 2 गायों की मौत भी हो गई। सड़क की हालत खराब है, जगह-जगह गड्ढे होने और मवेशियों का जमावड़ा से रात के समय इस मार्ग से आने-जाने वाले राहगीर, दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालक त्रस्त हैं।

### बीच रास्ते दिनदहाड़े...

के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मनीष को 108 की मदद से अंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया है, जहां उसकी हालत अभी चिंताजनक बताई जा रही है। इधर वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी को ढूंढकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### अंगदान, डेढ़ साल में...

डोनशन से जुड़ा है। जानकार सूत्रों का कहना है कि राज्य में बड़ी संख्या में कई अस्पतालों में ब्रेनडेड के मामले सामने आते हैं, मगर सही समय पर परिवार वालों की काउंसिलिंग नहीं होने की वजह से अंगदान की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती। राज्य में अभी करीब डेढ़ सौ लोगों को किडनी और लिवर मिलने का इंतजार है। इसके लिए राज्य स्तर पर सुविधा निजी अस्पतालों में मौजूद है अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कैडेवर डोनेशन और ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मगर राज्य सरकार द्वारा डीके अस्पताल में इसकी शुरुआत की योजना आवश्यक उपकरण के अभाव में अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

### पासपोर्ट वेरिफिकेशन...

गए हैं। इस टैबलेट में ऑनलाइन फेरिफिकेशन करने के लिए सॉफ्टवेयर उपलब्ध है, जिसका आईडी और पासवर्ड थाना प्रभारी के पास रहेगा, ताकि वेरिफिकेशन की रिपोर्ट तैयार करने में किसी भी प्रकार की चूक या गड़बड़ी न हो पाए। विदित हो कि पासपोर्ट के लिए पहले आवेदन पास्टपोर्ट कार्यालय से डीएसबी भेजा जाता था। इसके बाद डीएसबी से संबंधित थाने भेजा जाता था। थाने में आवेदक का रिकॉर्ड चेक करने के बाद वेरिफिकेशन कर वापस डीएसबी कार्यालय आता था। यहां से दोबारा उसे एसएसपी कार्यालय भेजा था। एसएसपी कार्यालय से फिर यह डीएसबी कार्यालय आता था। इस तरह आवेदक को आवेदन के साथ डीएसबी कार्यालय से लेकर थाने और एसएसपी कार्यालय तक के चक्कर लगाने पड़ते थे। इसमें 10 से 15 दिन का समय लग जाता था, लेकिन ऑनलाइन होने के बाद वेरिफिकेशन का काम जल्द होगा, जिससे पासपोर्ट भी लोगों को जल्द मिल पाएगा।

**The Bengalee Kalibadi Samity**
Kalibadi Chowk, Raipur- 492001 (C.G.) Ph: 0771-2223319

**NOTICE**

A meeting of the General Body to be held on 11-08-2024 Sunday at 11:30 AM at Kali Badi "Ravindra Manch" Raipur to discuss the following Agenda.

All Members are request to attend Positively and extend their Co-operation for Smooth Functioning.

**Agenda: -**
(1) Confirmation of minutes of last General Body meeting Dated 14.07.2024
(2) Celebration of Durga puja and Durga puja Budget-2024.
(3) Election for Next tenure.
(4) Any other matter with the permission of the chair.

Secretary
Vijay Bhattacharya
Mo. 9826113703

# बेसमेंट पार्किंग में 3 लोगों ने बना रखा गोदाम, एक की पार्किंग में लेबर क्वार्टर, निगम ने दिया नोटिस





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों ने टीम बनाकर मंगलवार को शहर के विभिन्न जोन में स्थित 10 हॉटलों, व्यावसायिक परिसर में बेसमेंट पार्किंग का औचक निरीक्षण किया। अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के निर्देशन में किये गये निरीक्षण में 3 स्थानों पर व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में गोदाम मिला। वहीं एक स्थान पर व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग को ही लेबर क्वार्टर बनाने पर संबंधित भवन स्वामी अश्विनी सराफ को नोटिस जारी किया गया है। दिल्ली में हुई कोचिंग सेंटर की अप्रिय घटना को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर गौरव कुमार और निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को नगर निवेश विभाग के अधिकारियों को 10 जोन में टीम बनाकर शहर के व्यावसायिक परिसर, हॉटलों और बेसमेंट पार्किंग का निरीक्षण कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर निवेश विभाग की टीम ने होटल वेलिंगटन, होटल बेबीलॉन इन, होटल सतलज, होटल वॉलफोर्ट ओजोन, रहेजा टॉवर, लालगंगा मिडास बेसमेंट पार्किंग में संबंधित संचालकों को पानी निकासी की उचित व्यवस्था करवाने हिदायत दी। इसके साथ ही व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में गोदाम मिलने पर भवन स्वामी हरविंदर सिंह टुटेजा, संजय अग्रवाल और भवन स्वामी विजय सुन्दरानी के अलावा व्यावसायिक परिसर के बेसमेंट पार्किंग में लेबर क्वार्टर मिलने पर अश्विनी सराफ को नोटिस जारी किया है।

- **दिल्ली की घटना पर निगम प्रशासन ने लिया संज्ञान**
- **आयुक्त के निर्देश पर 10 स्थानों पर औचक निरीक्षण**

**CERTIFICATE LOSE**

I Nikhil Uikey, S/o Kalyan Singh Uikey, Address- WRS Colony, Raipur (C.G.) solemnly take with as under :-

1. That I was a regular student of St. Xaviers High School and passed 10th in year 2022 In exam organized by I.C.S.E. Board New Delhi. That Marksheet/Passing Certificate was issued by this board.
2. That Marksheet provided by the above mentioned board was lost during driving the vehicle.
3. That, I am need of this marksheet/passing certificate for various reasons. So affidavit being presented as proof of lost of my marksheet/passing certificate before an authorized officer.

index number are as follows:-

**Deponent**

**VERIFICATION**

Verified at Raipur (place), Dist- Raipur (C.G.) on (D.M.Y.) 30/07/2024 content of the above affidavit are true and correct to the best of my knowledge and no part of wrong and nothing b nothing has been concealed there from.

**Deponent**

**न्यायालय श्रीमती दीप्ति लकड़ा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश,रायपुर छ.ग.**

क्रमांक/न्या/क्यू/2023

रायपुर, दिनांक 21.07.2024
प्रोसेस क्रमांक- 13
प्रकरण क्रमांक-292A/19
पेशी तारीख-24/08/2024

श्रीमती सुधा धागमवार ..........वादी

**बनाम**

श्रीमान कार्यपालक अभियंता व अन्य ......प्रतिवादी

वादी श्रीमती सुधा धागमवार वाद वास्ते उदघोषणा एवं वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा बाबत वाद संस्थित किया गया है, जिसमें 1. आम जनता समस्त रायपुर को पक्षकार के रूप में समायोजित किया गया है। अतः आपको इस न्यायालय के तारीख 24.08.2024 को दिन में प्रातः 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थित होने के लिए समंस किया जाता है आप स्वयं न्यायालय में या किसी ऐसा कोई व्यक्ति द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपकी उपस्थिति कि लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के सुनवाई के लिये उपस्थिति हेतु नियत दिन है।

आप को यह सूचित किया जाता है कि यदि आप दिनांक 24.08.2024 को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश दिनांक 24/08/2024 को अवकाश हो जाता है, कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावे।

यह आज तारीख 21/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर किया गया है।

मुहर

**श्रीमती दीप्ति लकड़ा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, रायपुर छ.ग.**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक / 1230/ वा / ना. तह. / 2024
खोरपा, दिनांक 23/07/2024

प्रति,
पटवारी हल्का नं. 01
ग्राम - रवेली,
उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)

**विषय :-** जांच प्रतिवेदन पेश करने बाबत।

विषयांतर्गत के संबंध में लेख है कि आवेदक श्री चूड़ामणि निर्मलकर व अन्य 8 पिता स्व. श्री दयाराम निर्मलकर निवासी धोबी लाइन मठपारा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम रवेली प.ह.नं. 01 उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 409 रकबा 0.34 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में चूड़ामणि निर्मलकर एवं अन्य के नाम पर शामिलात खाते मे दर्ज है। उक्त भूमि के वास्तविक भूमिस्वामी दीपेश निर्मलकर पिता रमेश, हीरा लाल निर्मलकर पिता दयाराम निर्मलकर, अरूण निर्मलकर पिता दयाराम, चूड़ामणि पिता दयाराम, राजिम बाई निर्मलकर पति दयाराम, रश्मि नाग पिता रमेश, नीलम पिता रमेश, पदमा पिता रमेश, कलिन्द्री पति रमेश निर्मलकर है किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख के ऑनलाइन खसरा बी-1 में आवेदकगण के साथ साथ अनावेदकगण मालती निर्मलकर पिता नंदलाल निर्मलकर, क्रांति निर्मलकर पिता नंदलाल निर्मलकर का नाम त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है जो कि टंकण त्रुटि है। आवेदक द्वारा उक्त वाद भूमि से अनावेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है। तत्संबंध में रा.प्र.क्रं. 202407115900012 / अ-6 (अ) वर्ष 2023-24 इस न्यायालय मे विचाराधीन है।

अतः आप उक्त के संबंध में विस्तृत जांच प्रतिवेदन नियत पेशी दिनांक 08/08/2024 पूर्व इस न्यायालय प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

मुहर

**नायब तहसीलदार उप तहसील खोरपा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम रवेली प.ह.नं. 01
रा.प्र.क्र. 202407115900015/
ब-121/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश निषाद पिता मोतीलाल निषाद निवासी ग्राम रवेली उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा अपने पुत्र प्रभात का जन्म दिनांक 10/02/2006 स्थान ग्राम रवेली उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सह दस्तावेज इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 06/08/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 18/07/2024 को जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार उप तहसील खोरपा**



# कोर्ट मैरिज का क्रेज बढ़ा, कलेक्टोरेट कोर्ट में हुए आधा दर्जन विवाह

## फिजूलखर्ची से बचत, शोर-शराबा, मेहमानों का झंझट भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक ओर जहां लोग शादी-ब्याह में होटल-मैरिज पैलेस की बुकिंग, बारात, बैंड-बाजा, रिसेप्शन समारोह सहित कई चीजों में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करते हैं, वहीं दूसरी ओर शादी में होने वाले खर्च को फिजूल मानने वाले ऐसे भी कई जोड़े हैं, जो कलेक्टोरेट कोर्ट में सरलता व सादगी से शादी करना पसंद कर रहे हैं। इससे न केवल शादी-ब्याह के नाम पर होने वाली फिजूलखर्ची से बच रहे हैं, बल्कि इससे नवविवाहिता जोड़े की बचत भी हो रही है। यह बचत राशि जोड़े को अपनी गृहस्थी चलाने में मददगार भी साबित होगी। रायपुर कलेक्टोरेट कोर्ट में मंगलवार को आधा दर्जन जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विवाह के दौरान इन जोड़ों के साथ उनके परिवार के लोग भी पहुंचे थे। इन जोड़ों में एक जोड़ा कृष्णा हिआल और संतोषी बाघ का भी था। इस जोड़े की ओर से अधिवक्ता भगवानू नायक एवं उर्वशी घोष भी उपस्थित थे।




अधिवक्ता श्री नायक ने बताया कि शादी-ब्याह में होने वाले फिजूल खर्च के साथ शोर-शराब से बचने के लिए अब कोर्ट मैरिज की संख्या बढ़ी है। कोर्ट मैरिज से फिजूल के खर्च से बचत होती है, साथ ही शोर-शराबा, मेहमानों की पसंद-नापसंद का ख्याल रखना, दहेज के झंझट आदि से भी मुक्ति मिल जाती है। कोर्ट में वर-वधू दोनों की तरफ से कुछ रिश्तेदार और परिचित लोगों की उपस्थिति में सादगी से विवाह संपन्न हो जाता है।

### लीगल मैरिज से अनेक फायदे

*अधिवक्ता श्री नायक ने बताया, कोर्ट मैरिज एक लीगल मैरिज है, जिसके अनेक फायदे हैं। कोर्ट मैरिज के पहले विवाह अधिकारी कार्यालय वर-वधू के जन्म, निवास आदि दस्तावेजों का परीक्षण करता है। अखबार में प्रकाशन कर आपत्तियां मंगाई जाती हैं और गवाहों की उपस्थिति में विवाह अधिकारी विवाह संपन्न कराते हैं।*

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ 6 गिरफ्तार, 22 गाड़ियां बरामद

*वाहन बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह में शामिल 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी की 22 गाड़ियां एवं एक वाहन का इंजन बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 16 लाख आंकी गई है। गिरोह के सदस्य प्रोफेशनल तरीके से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी के बाद वाहन की पहचान छिपाने के लिए उसका नंबर प्लेट व रंग बदलने से लेकर मोडिफाइड करने के बाद बेच दिया करते थे। यही कारण है कि पिछले कई महीने से इस क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातें होने के बाद भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग रहे थे, लेकिन सोमवार को गिरोह के दो सदस्यों को चोरी के वाहन बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसके बाद गिरोह के अन्य सदस्य भी गिरफ्तार किए गए।

एएसपी लखन पटले ने इस वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि खम्हारडीह पुलिस को सूचना मिली थी कि अनुपम नगर में दो युवक चोरी का वाहन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सूरज यादव और पवन साहू बताया। दोनों नरदहा विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने जब दोनों से कड़ाई से पूछताछ की, तो युवकों ने अपना गुनाह कबूल लिया और अपने गैंग के बारे में जानकारी दी। इसके बाद इन युवकों की निशानदेही पर गैंग के अन्य सदस्य प्रकाश यादव उर्फ राजा निवासी ग्राम नरदहा भाटापारा, दुर्गेश कुमार साहू निवासी गोकुल नगर गुढ़ियारी, हितेंद्र कुमार साहू निवासी रामनगर गोपालनगर गुढ़ियारी तथा किशन यादव निवासी भाटापारा नरदहा विधानसभा को भी गिफ्तार किया गया। बताया गया कि सूरज और पवन वाहन चुराने का काम करते थे, वहीं प्रकाश और दुर्गेश चोरी के वाहन का रंग व नंबर प्लेट बदलने के साथ मोडिफाइड किया करते थे। इसके बाद वाहन को बेचा करते थे। आरोपियों से हितेंद्र और किशन ने चोरी की कई गाड़ियां खरीदी हैं। पुलिस ने इन दोनों को चोरी का वाहन खरीदी मामले में गिरफ्तार किया है।





### प्रोफेशनल तरीके से चुराते थे वाहन

वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए गिरोह के सदस्य चाबी का इस्तेमाल नहीं करते थे, बल्कि वाहन के हैंडल लॉक को पैर से मारकर तोड़ा करते थे। इसके बाद तार के जरिए स्विच वायर को डायरेक्ट कर वाहन को स्टॉर्ट कर चोरी कर ले जाते थे। वाहन चोर की इस तकनीकी को देखते पुलिस ने आशंका जताई है कि यह गिरोह प्रोफेशनल है और इससे पहले भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया होगा। पुलिस ने संभावना जताई है कि पूछताछ में चोरी की वारदातों के और कई खुलासे हो सकते हैं।

### फर्जी कागजात बनाकर गांव में बेचा करते थे वाहन

चोरी के वाहन को मोडिफाइड करने के बाद आरोपी उसे बेच दिया करते थे। बताया गया कि ज्यादातर चोरी के वाहन आरोपियों ने गांव में बेचे हैं। इसके लिए आरोपी गाड़ियों का फर्जी कागजात भी बनवाते थे। पुलिस ने इस मामले में धारा 379 भादवि., 318/24 धारा 303(2) बीएनएस एवं 330/24 धारा 303(2), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# कोचिंग सेंटर में सुधार की मांग, छात्रों ने कहा- भ्रामक विज्ञापन देकर चयन का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शिक्षा का बाजारीकरण करने और दुर्व्यस्था का आरोप, स्थानीय प्रशासन से जांच की अपील

दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हुई घटना के बाद छत्तीसगढ़ में भी छात्रों ने सुरक्षा की मांग करनी प्रारंभ कर दी है। छात्रों की मांग है कि प्रदेश के कोचिंग सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं की जांच कराई जाए तथा जहां मानकों के अनुसार व्यवस्था ना हो, वहां संचालन बंद किया जाए। एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्रों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। छात्रों का आरोप है कि प्रदेश में अनेक ऐसी निजी कोचिंग संस्थान संचालित हैं, जो शिक्षा के बाजारीकरण को बढ़ावा दे रही हैं और छत्तीसगढ़ के भोले-भाले छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ निरंतर खिलवाड़ कर रही हैं। छात्रों का कहना है कि निजी कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन देकर चयन का झांसा दिया जाता है। फीस के नाम पर मोटी धनराशि ली जाती है, लेकिन छात्रों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं दी जाती हैं। छात्रों का कहना है कि कोचिंग संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली फीस को लेकर भी नीति निर्माण किया जाए, जिससे गरीब छात्रों को सुविधा मिल सके।



### एक कक्षा में सैकड़ों छात्रों को पढ़ाते हैं एक ही शिक्षक

इन कोचिंग सेंटर में अनुभवी शिक्षक भी नहीं हैं। एक ही शिक्षक सैकड़ों छात्रों को पढ़ाते हैं। इस कारण छोटी-छोटी कक्षाओं में थोक में छात्रों को बैठाया जाता है। छात्रों ने कोचिंग संस्थानों में शिक्षक एवं छात्रों का अनुपात सुनिश्चित करने मांग की है। इसके अलावा अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपकरण, पर्याप्त निकास द्वार एवं आपातकालीन द्वार भी उपलब्ध कराने कहा गया है। पार्किंग, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं की भी मांग छात्रों द्वारा की गई है। इस दौरान एनएसयूआई के प्रदेश सचिव मेहताब हुसैन सहित वैभव मुजेवार, शेख इमरान, मिहिर शर्मा, मिहिर भंसाली, प्रतिक ध्रुव, लक्की साहू, सुभम वर्मा, हर्ष नमन,सरफराज रिजवी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रैन वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर, मवेशियों की धरपकड़

**रायपुर।** राजधानी में वर्षा जल संरक्षण के प्रति आम जनता को जागरूक करने नगर निगम क्षेत्र में अलग-अलग गतिविधियां चलाई जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को ग्रीन आर्मी आफ रायपुर और जियो हाइड्रो लाजिस्ट की टीम को कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग की गतिविधियों से अवगत कराया। इस कार्य में जन सहभागिता बढ़ाने और भूजल स्तर में आ रही गिरावट को रोकने लोगों से अपील की गई। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि अधिक से अधिक रैन वॉटर हार्वेस्टिंग पीट बनाकर शहर का जलस्तर सुधारने में सहभागी बनेंगे। जोन 8 राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर मुख्य मार्ग पर 18 मवेशियों को पकड़कर काउकेचर से गौठान भेजा । साथ ही 2 पशुपालक पर गंदगी फैलाने पर 1 हजार रुपये जुर्माना किया ।

### पलौद में लगा जनसमस्या निवारण शिविर, 104 आवेदनों का निराकरण



**रायपुर।** अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पलौद में मंगलवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दो सौ से ज्यादा ग्रामीण अपनी समस्या व शिकायत से संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे। इनमें से 104 ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण मौके पर किया गया। इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला गैस योजना समेत विभिन्न प्रकार के आवेदन आए थे। शिविर में विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर गौरव सिंह व एसएसपी संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।शिविर के दौरान हितग्राहियों को मछली जाल व आइस बॉक्स का भी वितरण किया गया।

### करिश्मा सोसाइटी में लगाए 200 से अधिक पौधे




**रायपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वीआईपी करिश्मा रेसिडेंट सोसाइटी में मंगलवार को पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक मोतीलाल साहू और विश्वदिनी पांडेय ने पौधे लगाए। परिसर में लगभग 200 पौधे रोपित किए गए। इसी दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने विधायक श्री साहू का शॉल से सम्मान किया। इस अवसर पर रामधारी जैन, कमल गोलछा, रजिंदर शर्मा, संजय वर्मा, प्रखर गोलछा, राजीव गुप्ता, एसएस शर्मा, जयेश भाई, संदीप मित्तल, हरदीप पाल, मंजीत सिक्का, डोमन डहरिया, मोहन वर्मा, उषा गुप्ता, आरती अग्रवाल, नीता गुप्ता, रुचि सिंह, शकील साजिद, इंदर पाल, बीना शमा, दिपाली अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## एक वार्ड ऐसा भी, जनसमस्या निवारण शिविर में शिकायत जीरो



- विधायक पुरंदर मिश्रा, पार्षद आकाश तिवारी शिविर में रहे मौजूद

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में आम जनता की मूलभूत समस्या के समाधान के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को जोन 4 क्षेत्र के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के सेवा सदन सामुदायिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। इसमें बिजली, पानी और सफाई की एक भी शिकायत नहीं मिली। वार्ड में नई सड़क और नाली निर्माण के 9 प्रस्ताव आए हैं। शहर में नगर निगम एक ऐसा वार्ड भी है, जिसे जीरो समस्या वाला वार्ड माना गया। जनसमस्या निवारण शिविर में इस वार्ड से एक भी शिकायत नहीं मिली, बल्कि 9 प्रस्ताव नए नाली निर्माण और सड़क निर्माण के आए हैं। एक आवेदन नल कनेक्शन के लिए दिया गया। शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, वार्ड पार्षद व एमआईसी सदस्य आकाश मिश्रा लोगों की सहायता के लिए शिविर में पहुंचे थे। पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में आयोजित शिविर में 25 लोगों को राशनकार्ड बनाकर दिया गया। इसी तरह 15 आवेदकों ने मजदूर कार्ड के लिए आवेदन लगाये। शिविर में वार्ड पार्षद पूरे दिन वार्डवासियों का मार्गदर्शन करने मौजूद रहे। इस मौके पर अपर आयुक्त विनोद पांडे सहित जोन 4 के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीएम आवास योजना शहरी की मुख्य सचिव ने की समीक्षा




**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में स्वीकृत परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवास के निर्माण की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों को हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों का आबंटन करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत क्रियान्वित परियोजनाओं हेतु भारत सरकार के प्रेषित उपयोगिता प्रमाण-पत्र, जीएफआर, एक्शन टेकन रिपोर्ट सहित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी विभागीय अधिकारियों ने दी। बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के करीब 156 नगरीय-निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक हितग्राहियों द्वारा स्वयं आवास निर्माण (बीएलसी) के अंतर्गत 937 परियोजनाओं में एक लाख 50 हजार 898 आवास स्वीकृत किए गए है। बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग एवं मुख्यमंत्री के सचिव बसवराजु एस., विशेष सचिव वित्त शीतल शाश्वत वर्मा सहित नगरीय प्रशासन विभाग के अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य शामिल हुए।

# सरिया दस हजार और सीमेंट 60 रुपए सस्ता फिर भी डिमांड नहीं, मानसून में सारे काम बंद

## प्रदेश के साथ देश में कहीं से भी डिमांड नहीं, हजारों टन सरिया डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून के कारण प्रदेश के साथ पूरे देश में सरकारी के साथ निजी निर्माण बंद हो गए हैं। यह स्थिति आने वाले करीब दो माह तक रहने वाली है। ऐसे में जहां सरिया की कीमत इस समय दस हजार रुपए कम है, वहीं सीमेंट की कीमत भी करीब 60 रुपए कम होने के बाद भी डिमांड नहीं है। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले कारोबारी खाली बैठे हैं। कारोबारियों का कहना है हजारों टन सरिया डंप है। इसके अब नवरात्रि के बाद काम प्रारंभ होने पर खपत की संभावना है। मानसून में हमेशा बारिश के कारण सरकारी निर्माण कार्यों के साथ रियल एस्टेट, निजी घरों का काम और अन्य काम पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। ऐसा होने का बड़ा असर बिल्डिंग मटेरियल पर पड़ता है। इस सीजन में खासकर सीमेंट और सरिया के दाम कम हो जाते हैं और खपत नहीं के बराबर हो जाती है।



### सरिया 47 से 52 हजार

सरिया की कीमत इस साल बहुत रही है। मानसून के पहले लोकल ब्रांडेड सरिया 62 से 64 हजार में बिक रहा था, जो अब कम होते-होते 52 हजार रुपए टन हो गया है। जहां तक लोकल सरिया का सवाल है तो इसकी कीमत 57-58 हजार रुपए टन थी जो इस समय 47 से 48 हजार रुपए टन हो गई है। कारोबारियों के मुताबिक जिन बिल्डिंग मटेरियल की दुकानों में रोज कई टन माल बिक जाता था, वहां एक टन की बात ही छोड़ दें, एक-दो क्विंटल माल भी नहीं बिक रहा है। कारोबारियों के यहां थोक में हजारों टन सरिया डंप हो गया है। इसके अभी लंबे समय तक बिकने की संभावना नहीं है। थोक कारोबारियों से कोई भी चिल्हर कारोबारी माल नहीं ले रहे हैं। चिल्हर कारोबारियों के यहां भी थोक में माल डंप पड़ा है।

### सीमेंट 250 से 260 रुपए

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने बीते साल सीमेंट की कीमत में भारी इजाफा कर दिया था। इतिहास में पहली बार अक्टूबर में सीमेंट की कीमत साढ़े तीन सौ रुपए से पार होकर चिल्हर में 370 रुपए हो गई थी। कंपनियों ने मानसून के समय बीते साल दस दिनों में कीमत में 55 रुपए का इजाफा हो गया था। कीमत में और इजाफा करने की तैयारी थी, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत नहीं बढ़ाई गई। जब खरीदारों ने हाथ खड़े कर दिए तो कीमत कुछ कम करने का दौर प्रारंभ हुआ। इस साल भी मानसून में एक सीमेंट कंपनी ने कीमत में 20 रुपए का इजाफा किया था, लेकिन डिमांड न होने के कारण कीमत कम होती चली गई। मानसून से पहले सीमेंट की कीमत 300 से 320 रुपए थी जो इस समय 250 से 260 रुपए में मिल रहा है, लेकिन कहीं एक बोरी सीमेंट का भी लेवाल नहीं मिल रहा है। सबसे ज्यादा नान ट्रेड सीमेंट सरकारी कामों में चलता है। इसकी कीमत 230 रुपए है, लेकिन सारे सरकारी काम बंद होने के कारण कोई लेवल नहीं है। सीमेंट कंपनियों ने भी कम डिमांड के कारण उत्पादन कम कर दिया है। आमतौर पर मानसून में सीमेंट और सरिया का उत्पादन बहुत कम हो जाता है।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में 'रियल्टर ग्रोथ समिट 2024' का आयोजन कल

**रायपुर।** रियल बजट ग्रुप ने रीयल एस्टेट क्षेत्र में कॅरियर बनाने या मौजूदा सफलता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छा रखने वालों के लिए एक अनोखा अवसर प्रस्तुत किया है। 1 अगस्त को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में 'रियल्टर ग्रोथ समिट 2024' का आयोजन किया जाएगा। यह समिट छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हो रही है और रीयल एस्टेट पेशेवरों को नई दिशा देने और उनके काम को सरल बनाने का मंच प्रदान करेगा। इस समिट में रीयल एस्टेट टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट संजीव जैन और रीयल एस्टेट इन्फ्लुएंसर रवि केवलरमानी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ये विशेषज्ञ छत्तीसगढ़ के 1000 से अधिक रीयल एस्टेट ब्रोकर्स को संबोधित करेंगे और रेरा तथा सरकारी नीतियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की सभी जानकारी रियल बजट ग्रुप के डायरेक्टर विकास अग्रवाल, भोमराज तिवारी और कृष्णकांत डोये द्वारा प्रदान की गई है।




### एक्सेल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्रों का सीए फाउंडेशन में शानदार प्रदर्शन

**रायपुर।** आईसीएआई ने सीए फाउंडेशन जून-2024 के परीक्षा के परिणामों की घोषणा की, जिसमें ऑल ओवर इंडिया में उत्तीर्ण छात्र 14.96 प्रतिशत हैं। छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्थित एक्सेल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के सीए फाउंडेशन के 35.80 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। हाल के दिनों में आईसीएआई ने सीए की परीक्षा को बहुत कठिन कर दिया है, जिससे उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत बहुत कम हो गया है। ऐसे में सीए परीक्षाओं को पास करने के लिए एक्सेल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बेहतर विकल्प हो सकता है। एक्सेल अनुभवी शिक्षकों द्वारा संचालित उच्च गुणवत्ता वाली ऑफलाइन, ऑनलाइन और रिकॉर्डेड कक्षाएं प्रदान करता है, जो छात्रों को स्पष्ट और सटीक निर्देश देती हैं। वर्तमान में, एक्सेल में सीए फाउंडेशन (जनवरी 25), सीए इंटर (मई 25), सीएमएए फाउंडेशन, सीएमए इंटर, सीएस ईईटी और सीएस एक्जीक्यूटिव के लिए एडमिशन प्रारंभ है। छात्र ऑनलाइन या फेस टू फेस पंजीकरण कर अपने एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।









02



भाटापार से रोजाना पहुंच रहीं मां-बेटी....

## कैंपस इवेंट

### फल-फूल बनकर पहुंचे बच्चे पालकों से वृक्ष बचाने अपील

**रायपुर।** सेंट पॉल्स चर्च इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल में ग्रीन डे मनाया गया। प्राचार्य पल्लवी मिंज ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए पालकों को भी इस तरह के कार्यक्रम में शामिल करने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि छग चेंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश मंत्री गोल्डी लूनिया रहे। विशिष्ट अतिथि असीम विक्रम, सुनील कुमार, पुलिस बालमित्र रोशना डेविड सहित सामाजिक कार्यकर्ता श्वेता भी कार्यक्रम का हिस्सा बने। अतिथियों ने बच्चों को जीवन में पौधों से होने वाले लाभ व पर्यावरण में हो रहे अवांछनीय परिवर्तनों से अवगत कराया।




#### घर में भी रोपें पौधे

इस दौरान वृक्षारोपण की दैनिक जीवन में महत्ता पर चर्चा कर उनके उचित देखभाल के लिए बच्चों से आग्रह किया गया। ना केवल शाला परिसर बल्कि अपने-अपने घरों में भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रीन डे कार्यक्रम में शिक्षकों के सहयोग से कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों द्वारा मनमोहक व आकर्षित फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र छात्राओं को विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों, फल एवं सब्जियों को ड्रेस के माध्यम से परिचित कराया गया।

## सिटी इवेंट

### तकनीकी उन्नति के कारण घट रहा है उपकरणों का आकार



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन विभाग द्वारा 6 जी नेटवर्क पर आयोजित कार्यशाला का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यशाला में डेटा ड्राइवन सिग्नल प्रोसेसिंग 6जी नेटवर्क विषय पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में 6 जी तकनीक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां विशेषज्ञों द्वारा साझा की गई। इस दौरान 20 से अधिक सत्र आयोजित किए गए। सभी सत्रों में विशेषज्ञों ने 6 जी से जुड़ी जानकारी विस्तार से दी। 24 जुलाई से इसकी शुरुआत हुई थी। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तोषन मीनपाल, एजूकेशन सेल के अध्यक्ष डॉ. शुभोजीत घोष, प्रोफेसर डॉ.बी.आचार्य सहित फैकल्टी मेम्बर्स और प्रतिभागी शामिल रहे।

#### दूसरे राज्यों से भी जुड़े छात्र

डॉ. मीनपाल ने कहा कि सरकार 6 जी तकनीक को भारत में लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि भारत का हर क्षेत्र आधुनिक तकनीक से जुड़ा रह सके। डॉ. आचार्य ने बताया कि पहले सब कुछ मैन्युअल रूप से किया जाता था, क्योंकि ट्रांजिस्टर और बाकि उपकरण काफी बड़े होते थे, लेकिन अब तकनीक उन्नत हो गई है और हम 6 जी युग में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को सलाह दी कि वे इस कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान का उपयोग आगे के शोध कार्य के लिए करें। कार्यक्रम में देशभर के कई संस्थाओं के छात्र शामिल हुए, जिन्हें अंत में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## लाइव इवेंट

### रसायन अध्ययनशाला में रोपे 50 से अधिक छायादार पेड़




**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के रसायन अध्ययनशाला तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रसायन अध्ययनशाला परिसर में 50 से भी अधिक पौध का रोपण किया गया। इसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के पेड़ शामिल रहे। प्राध्यापकों ने छात्रों को पौधारोपण के साथ उनकी रक्षा करने और नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के लिए प्रेरित किया।

#### वर्तमान हालातों में पौधारोपण जरूरत

इस कार्यक्रम में रसायन अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. कल्लोर घोष, पर्यावरण अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. मानस कांति देव, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एल.एस गजपाल, डॉ. कमलेश शुक्ला सहित अध्ययनशाला के डेढ़ सौ से भी अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौकेपर राष्ट्रीय सेवा योजना के समाज के विकास में भूमिका और राष्ट्रीय सेवा योजना में युवाओं की भूमिका के विषय पर प्रकाश डाला गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता समझाई गई। छात्रों को बताया कि क्यों वर्तमान में अधिक से अधिक पेड़ रोपे जाने आवश्यक हो गए हैं।

---

महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आज अंतिम अवसर, प्रवेश तिथि में वृद्धि फिलहाल नहीं

# पहली बार...साइंस कॉलेज संग छग महाविद्यालय में बीएससी गणित की सीटें खाली, दुर्गा कॉलेज में भी बीए-बीकॉम रिक्त

**गणित विषयों का खौफ छात्रों पर हावी हो गया है। यही कारण है कि इस बार शहर के बड़े महाविद्यालयों में भी बीएससी की सीटें रिक्त रह गई हैं। ऐसा पहली बार हुआ है, जब सीटों के लिए मारामारी की स्थिति रहने वाले साइंस कॉलेज में भी अंतिम तिथि तक बीएससी गणित की सीटें खाली रह गई हैं। ना केवल साइंस कॉलेज बल्कि छत्तीसगढ़ कॉलेज में भी बीएससी गणित की 40 सीटें रिक्त रह गई हैं।**

**रायपुर।** पं.रविशंकर विवि द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार, महाविद्यालयों में 31 जुलाई तक प्रवेश दिए जाने हैं। कॉलेजों में दाखिले की आज अंतिम तिथि है। ऐसे में जिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, वे भी ऑफलाइन मोड में सीधे जाकर प्रवेश ले सकते हैं। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि सीटें खाली रहने की स्थिति में बुधवार को छात्रों को प्रवेश दे दिए जाएंगे। ना केवल स्नातक बल्कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में भी छात्रों के पास प्रवेश के लिए आज अंतिम मौका है।



### महंत कॉलेज : बीबीए बीसीए की सीटें भरी

यहां बीबीए और बीसीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम और अधिक मांग वाले विषयों की सीटें भर चुकी हैं। अन्य परंपरागत पाठ्यक्रमों में कुछ सीटें रिक्त हैं, जहां छात्र बुधवार को प्रवेश ले सकते हैं। इसके अलावा डागा गर्ल्स कॉलेज, देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय में भी कुछ विषयों में सीटें खाली हैं।

### छग कॉलेज : बीए पैक्ड एमए में सीटें रिक्त

छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में बीए की सभी सीटें भर गई हैं। स्नातक स्तर पर बीएससी गणित में ही सीट खाली है। स्नातकोत्तर स्तर पर एमए के कई संकायों में छात्रों के लिए अवसर है। इसमें एमए भूगोल, प्राचीन भारतीय इतिहास जैसे विषय शामिल हैं। 30 जुलाई को विधि पाठ्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया। इसकी ओपन काउंसिलिंग आज होगी।

### साइंस कॉलेज : गणित छोड़कर अन्य में प्रवेश नहीं

विज्ञान महाविद्यालय में सभी संकायों की सीटें भर चुकी हैं। बीएससी गणित में 20 सीटें खाली हैं। महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इसके लिए कई छात्रों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। उनके प्रतिशत के आधार पर बुधवार को कार्यालयीन समय में प्रवेश दे दिए जाएंगे।

### दुर्गा कॉलेज : यहां सभी संकायों में सीटें

दुर्गा महाविद्यालय में बीए की 500 में से 200 सीटें ही भर सकी हैं। शेष 300 सीटें प्रवेश के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा कॉमर्स संकाय के स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अर्थात बीकॉम और एमकॉम में भी छात्र प्रवेश ले सकते हैं। बीबीए, बीसीए और पीजीडीसीए में सीटें रिक्त हैं। इसके लिए प्रबंधन को आवेदन मिले हैं। इसके अलावा एमए भूगोल की 100 सीटों में से 3 ही भरी हैं। एमए इंग्लिश, एमए हिंदी और एमए राजनीति विज्ञान में भी सीटें खाली रह गई हैं।

**जिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन नहीं किए, वे भी पहुंच सकते हैं दस्तावेज लेकर**

### घटाई गई है प्रवेश तिथि



महाविद्यालयों में दाखिले सामान्यतः 14 अगस्त तक दिए जाते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कारण इस बार दिसंबर माह से परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसके चलते प्रवेश प्रक्रिया भी जल्द समाप्त करने पर जोर दिया जा रहा है। प्रवेश इस बार 31 जुलाई तक ही होंगे। कुछ महाविद्यालयों द्वारा इसमें वृद्धि की मांग की जा रही है, लेकिन मंगलवार रात तक इस संदर्भ में कोई अधिसूचना विश्वविद्यालय द्वारा जारी नहीं की जा सकी है।

#### ट्रेंड का असर

कुछ सालों बाद एक ट्रेंड आता है। इसमें कुछ विषयों की मांग बढ़ जाती है और कुछ की घट जाती है। अभी बीएससी गणित को लेकर छात्रों का रूझान कम हुआ है।

-डॉ.अमिताभ बनर्जी
प्राचार्य, छग कॉलेज

#### हमारे यहां स्थिति बेहतर

साइंस कॉलेज में बीएससी की 20 सीटें ही रिक्त हैं। इनके लिए भी मंगलवार शाम तक आवेदन मिलते रहे हैं। ऐसे में उम्मीद है कि अंतिम दिन इसकी भी सीटें भर जाएंगी। बीएससी गणित में रूझान कम हुआ है, लेकिन हमारे यहां स्थिति बेहतर है।

-प्रो.पीसी चौबे, प्राचार्य,
साइंस कॉलेज

#### विशेषज्ञता को प्राथमिकता

प्लेन बीएससी गणित के स्थान पर छात्र बीएससी माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी विथ सीएस जैसे विषयों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वजह केवल जॉब मार्केट में डिमांड है। इस कारण बीएससी गणित में प्रवेश कम हो रहे हैं।

-प्रो.देवाशीष मुखर्जी,
प्राचार्य, महंत कॉलेज

#### बुधवार तक प्रवेश

हमारे यहां जिन विषयों में सीटें रिक्त हैं, उनमें बुधवार तक नियमानुसार प्रवेश दिए जाएंगे। छात्र दस्तावेज लेकर पहुंच सकते हैं।

-प्रो.प्रोतिभा मुखर्जी, प्राचार्य, दुर्गा कॉलेज

---

## हरित परिधान में सखियों संग सावन झूले का आनंद

**रायपुर।** संगिनी महिला मंडल द्वारा 'सावन झूला' का आयोजन किया गया। जहां महिलाएं ग्रीन थीम पर हरे परिधान के साथ शामिल हुई। समता कॉलोनी स्थित भीमसेन भवन को चमकदार छातों व झूलों के साथ सजाया गया। मंडल की महिलाओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र झूला रहा। मंडल की सभी आयु वर्ग की महिलाएं उपस्थित रही। संगिनी महिला मंडल के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 6 जरुरतमंद व्यक्तियों को व्हीलचेयर वितरित किया गया। मुख्य रुप से हास्य कवियित्री शशि दुबे व नीता गुप्ता को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कवियित्री द्वारा लगातार 1:30 घंटे की प्रस्तुति दी गई। हास्य चुटकुले का लगातार सिलसिला जारी रहा। जिसमें पति-पत्नि की मीठी नोक-झोंक, पड़ोसी की कहानी, काल्पनिक विचारों पर कविताओं की प्रस्तुति दी गई।





**महिला कैदियों के लिए टीवीः** संगिनी महिला मंडल की अध्यक्ष किरण अग्रवाल ने बताया, बीते 25 सालों से मंडल द्वारा कई जन हितकारी कार्य किए गए हैं। इसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्तियों को ट्राई साइकल, सिलाई मशीन, व्हीलचेयर, पानी का गीजर, विद्यार्थियों के लिए स्टेशनरी, सेंट्रल जेल में महिला कैदियों के लिए टीवी, लड़कियों के विवाह के लिए सहयोग जैसे कार्य किए गए हैं। आने वाले साल में प्रत्येक माह अधिक से अधिक जनहितकारी कार्य करने की कोशिश की जाएगी।

## महिलाओं ने एकत्र की धनराशि 35 मरीजों को मिली नेत्र ज्योति



**रायपुर।** बढ़ती उम्र, किसी बीमारी या किसी वजह से इस सुनहरी दुनिया को फिर से देख पाने में अक्षम हो चुके लोगों के लिए जैन मिलन महिला द्वारा विशेष सहायता प्रदान की गई। ग्रामीण परिक्षेत्र के 35 ऐसे मरीज जो निम्न आर्थिक परिस्थिति के कारण आंखों की तकलीफ से गुजर रहे थे, किंतु अपना इलाज करवाने में असमर्थ थे, उनके लिए निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन करवाकर उन्होंने फिर से नेत्र ज्योति प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। जैन मिलन महिला द्वारा एसजीवी आई हॉस्पिटल फाउंडेशन के माध्यम से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए शिविर आयोजित किया गया। डॉ.जगदीश कुमार नागोथ, डॉ.रुचि राठी, एल्विन दयाल व मेडिकल, टेक्निकल टीम सहित फाउंडेशन के शैलेंद्र कुमार संघी, अरूण सिंग, जीमल अख्तर द्वारा इसमें सेवा दी गई।

इसमें संपूर्ण आर्थिक सहयोग जैन मिलन महिला संगठन द्वारा किया गया। अध्यक्ष बर्षा जैन सिंघई ने कहा कि दूसरों के जीवन को उन्नत बनाने और मानवधर्म को निभाने के लिए संगठन द्वारा निरंतर प्रयत्न किए जा रहे हैं और आगे भी इसे जारी रखेंगे। इस मौके पर मंजुला जैन, वंदना, श्रद्धा, सरिता, लता, पारूल, शालू, रुचि, रेशू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

---

कार्नर न्यूज

लड़कियों पर अधिक फोकस, बैंड में सर्वाधिक प्रयोग मोतियों का

# विदेश से आए चॉकलेट बनाएंगे दोस्ती को खास, शायरी व कविताओं के जरिए बताएंगे मित्र के प्रति अपनी भावनाएं, महक भी है खास

**रायपुर।** फ्रेंडशिप डे से पहले बाजार में दोस्तों के लिए उपहार सजाए गए हैं। इस वर्ष 4 अगस्त को दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप डे मनाया जाएगा, जिसके लिए दुकानों में कई आकर्षक उपहार लाए गए हैं। बीते वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी कस्टमाइज गिफ्ट का क्रेज खरीदारों में देखा जा सकता है, जिसके लिए दुकानों में अनेक उपहार सजाए गए हैं। फ्रेंडशिप डे को खास बनाने के लिए दोस्त का मनपसंद व उपयोगी उपहार खरीदने पर अधिक जोर है। अपनी दोस्ती को और मजबूत बनाने के लिए लोग अपने दोस्तों के लिए उपहार में यादगार चीज देना पसंद करते हैं। इसके लिए फ्रेंडशिप बैंड का क्रेज इस वर्ष भी देखा जा सकता है। गिफ्ट दुकानों में बैंड सेट का चलन है, जिसमें दो दोस्तों के लिए एक जैसा बैंड तैयार किया जा रहा है। बीते कुछ सालों तक किताब, फोटो फ्रेम, फिटनेस बैंड व सरप्राइज पार्टी दोस्तों के लिए प्लान किया जाता था। अब लोग कुछ यूनिक करना पसंद कर रहे हैं। इसके लिए बाजार के दुकानों में कई आकर्षक गिफ्ट सजाया गए हैं।

### गुलाब की जगह अन्य फूलों की डिमांड

समता कॉलोनी स्थित एक फूल दुकान के संचालक गोविंद ने बताया, फ्रेंडशिप डे के दिन फूल या बुके की अधिक डिमांड नहीं होती है। बहुत कम लोग ही अपने खास दोस्तों के लिए इसे तैयार करते हैं। इस दौरान गुलाब के अलावा अन्य फूलों की डिमांड अधिक होती है। जिसे लोग अपने अनुसार ही कस्टमाइज कराना पसंद करते हैं। गुलाब में भी लाल के स्थान पर अन्य रंगों के फूलों की ही खरीदी होती है।





### यूनिक चीजों की बिक्री अधिक

शंकर नगर स्थित एक दुकान की संचालिका संध्या ने बताया, दुकान में लेदर हैंड, पर्स, चॉकलेट, कार्ड के यूनिक कलेक्शन लाए गए हैं। इसमें दोस्तों के लिए शायरी व कविताओं के साथ कार्ड भी शामिल है। इसकी कीमत 50 रुपए से शुरु होकर पांच सौ तक है। इसमें इम्पोर्टेड चॉकलेट जैसे गोडिवा, लिंड, बोनविल शामिल हैं। इसे खास तौर पर फ्रेंडशिप डे के लिए मंगाया गया है। कुछ दोस्त फ्रेंडशिप डे के दिन ही कस्टमाइज गिफ्ट तैयार करते हैं, जिसमें चॉकलेट, कार्ड व अन्य वस्तुओं के साथ गिफ्ट हैंपर तैयार किया जाता है।

### स्कूली बच्चों के लिए कम कीमत के बैंड

दुकान संचालक हितेश जैन ने बताया, बीते कुछ वर्षों से फ्रेंडशिप कार्ड की डिमांड कम हो गई है। लेकिन लड़कों व लड़कियों के लिए अनेक प्रकार के फ्रेंडशिप बैंड दुकान में मौजूद हैं। इसमें 2 रुपए से लेकर 200 रुपए तक बैंड मौजूद हैं। स्कूल के बच्चों के लिए कम कीमत के बैंड मंगाए जाते हैं, वहीं कॉलेज के स्टूडेंट आकर्षक व मोतियों वाला बैंड खरीदना पसंद करते हैं। इनकी कीमत अपेक्षाकृत कम होती है।



### कस्टमाइज गिफ्ट

सुंदर नगर स्थित एक दुकान के संचालक ज्योति नागवानी ने बताया, दुकान में फ्रेंडशिप डे के लिए उपहार लाए गए हैं। फ्रेंडशिप बैंड में मोतियों का प्रयोग इस बार अधिक किया गया है। इसे लड़कियां खरीदना पसंद कर रही हैं। इसके अलावा कस्टमाइज गिफ्ट का चलन है। इसमें परफ्यूम, बैग, पर्स, चश्मा, लिपस्टिक व मेकअप प्रोडक्ट को शामिल किया गया है।

## कैंपस इवेंट

# चुने गए कन्या व किशोर भारती विद्यार्थियों का करेंगे प्रतिनिधित्व



**रायपुर।** सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार को विद्यालय के कन्या भारती, किशोर भारती, बाल भारती, गणित परिषद, विज्ञान परिषद, विज्ञान परिषद, कक्षा कप्तान, कक्षा उपकप्तान के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिसके पश्चात विद्यालय परिसर में समस्त विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया। शपथ समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्र-छात्रों को शपथ ग्रहण कराया गया। इसमें 20 से अधिक छात्रों का चयन किया गया।

### बनी रहती है स्कूल की व्यवस्था

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में रजीयंत सिंह ध्रुव सहित विशेष अतिथि सेवती साहू व पूजा सोनी उपस्थित रहीं। शपथ ग्रहण समारोह में विद्यालय के प्राचार्या डॉ.इरावत भूषण मुख्य रुप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, विद्यालय में प्रत्येक कक्षाओं के नियमित संचालन के लिए पदाधिकारियों का चयन किया जाता है। इससे स्कूल की व्यवस्था निर्धारित रुप से संचालित होती है। विद्यालय के छात्रों को उनकी योग्यता के आधार पर पद दिया जाता है, जिसके मार्गदर्शन पर कक्षा के अन्य छात्र कार्य करते हैं। इसमें कन्या भारती व किशोर भारती के संचालन के लिए बारहवीं कक्षा के छात्रों का चयन किया गया।

## आकार में इस बार गृहणियों की संख्या अधिक, बच्चों संग पहुंच रही अपना सपना पूरा करने

# भाटापारा से रोजाना पहुंच रहीं मां-बेटी, 64 वर्षीय सरोज के बचपन का सपना पूरा, 54 की उम्र में शोभा बना रही आभूषण

संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित आकार में लगातार प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि हो रही। रोजाना कला प्रेमी अपना पंजीयन कराने संस्कृति विभाग के परिसर पहुंच रहे हैं। इस दौरान महिलाओं व बच्चों की संख्या सबसे अधिक है, इसमें स्कूल व महाविद्यालय के छात्र अपने-अपने मनपसंद छत्तीसगढ़ी कला से जुड़ रहे।

**रायपुर।** प्रशिक्षण के लिए कोई निश्चित उम्र निर्धारित नहीं की गई है। सच्ची लगन व कुछ नया सिखने की इच्छा में व्यक्ति उम्र नहीं देखता। ऐसे ही उदाहरण आकार में देखने को मिल रहे हैं, जहां बच्चों संग माताएं भी अपने बचपन का सपना पूरा करने शामिल हो रही हैं। आकार में विद्यार्थियों के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष आकार में अधिक आयु वर्ग वाले प्रतिभागियों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है। इमसें कुछ प्रतिभागी अन्य शहरों से भी शामिल हो रहे। गौरतलब है कि इस वर्ष चुनाव के कारण मई-जून के स्थान पर जुलाई में यह प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है।



### इन विधाओं में ले सकते हैं प्रशिक्षण

आकार की प्रबंधक तनुजा बघेल ने बताया, इस वर्ष लगभग 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। इस वर्ष चित्रकला, गोदना आर्ट,मधुबनी आर्ट, पटचित्र,बस्तर आर्ट, ग्लास पेंटिंग,जूट ज्वेलरी, शिल्प-कला, वुडन ट्राइबल आर्ट,लप्पन आर्ट, मंडाला आर्ट,स्केचिंग, कैनवास पेंटिंग, क्ले आर्ट, करमा नृत्य, बस्तर नृत्य, म्यूरल आर्ट, पेपरमेसी, पैरा आर्ट, बांस आर्ट क्लास का संचालन किया जा रहा। आकार का समापन 4 अगस्त को किया जाएगा। अंतिम दिन प्रतिभागी स्वयं द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाएंगे। नृत्य प्रदर्शनी भी इस दौरान लगाई जाएगी।

### ट्रेन से रोजाना अप-डाउन

भाटापारा निवासी वंदना गोपाल शर्मा ने बताया, ऑनलाइन माध्यम से आकार में प्रशिक्षण शिविर की जानकारी मिली। जिसके पश्चात बेटी और मैंने विभिन्न आर्ट में अपना पंजीयन कराया। हम दोनों मां-बेटी रोजाना भाटापारा में रायपुर शहर ट्रेन से प्रशिक्षण के लिए आ रही हैं। बचपन से कला के क्षेत्र में रुचि रही है, लेकिन पहली बार शिविर में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। वे जूट ज्वेलरी, शिल्प-कला, वुडन ट्राइबल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने जूट का नेकलेस, कंगन, सिनरी अब तक तैयार किए हैं।



### पेपर आर्ट में अद्भुत दृश्य

टिकेश्वरी साहू ने बताया कि वह पेपर आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं। जिसे बोर्ड के ऊपर विशेष रुप से तैयार क्ले व ग्लू की मदद से तैयार किया जाता है। 4 अगस्त को होने वाले प्रदर्शनी के लिए एक युवती की तस्वीर तैयार कर रही है, जिसमें रंग-बिरंगे फूल, पत्ते, युवती के सुनहरे बाल और बगीचे को दर्शाया जा रहा है। इसे तैयार करने में संयम व धैर्य की आवश्यकता होता है। 64 वर्षीय सरोज ने बताया, बचपन से रंगोली, मेहंदी जैसी कला में रुचि रही। लेकिन शादी के बाद बचपन का सपना पूरा करने का अधिक अवसर नहीं मिला। इस प्रशिक्षण शिविर में ग्लास वर्क व स्केचिंग सिख रही। अपना मनपसंद कला को वक्त देने में काफी आनंद मिलता है।



### प्रदेश की संस्कृति से जुड़ने प्रशिक्षण



54 वर्ष की शोभा पटेल ने कहा, प्रदेश की संस्कृति व परंपरा के साथ जुड़े रहना चाहिए। मैं बीते कई वर्षों से आकार में छत्तीसगढ़ी कला व संस्कृति का प्रशिक्षण के लिए शामिल हो रही हूं। इस वर्ष छत्तीसगढ़ी जूट ज्वेलरी का प्रशिक्षण लेने का अवसर मिला। बीते वर्ष भित्ति आर्ट व मिरर आर्ट की कक्षा में शामिल हुई थी।

### बच्चों संग पहुंची मां



शबा नाज ने बताया, बचपन से आर्ट सीखने में रुचि रही। बीते वर्ष मेहंदी आर्ट व मंडाला आर्ट सीखने का अवसर मिला। प्रत्येक वर्ष मैं अपने दोनों बच्चों के साथ आकार में प्रशिक्षण के लिए शामिल होती हूं। इस वर्ष कैनवास व पैरा आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हूं। वहीं बेटी आयशा ग्लास पेंटिंग व बेटा अरहम नाज क्ले आर्ट में शामिल हुए हैं।

### शिविर के लिए सासू मां का सपोर्ट



47 वर्षीय स्वाति जग्ताप ने बताया, बड़ी बहन के कारण बचपन से आर्ट में रुचि रही। आकार में म्यूरल आर्ट व पेपर आर्ट के क्लास में शामिल हूं। वहीं 14 वर्षीय बेटा अभिनव भी अन्य कलाओं में प्रशिक्षण के लिए आया है। कला सीखने से मानसिक रुप से तनाव कम होता है, साथ ही व्यक्ति का विकास होता है। घर पर सांसू मां के सपोर्ट के चलते मुझे प्रशिक्षण क्लास में शामिल होने का अवसर मिला है।

## एजूकेशन अपडेट

# यूपीएससी ने जारी किए संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा परिणाम

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा (सीएमएस) का आयोजन 14 जुलाई को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। अब यूपीएससी की ओर से 30 जुलाई को इसका रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। यूपीएससी ने ऑनलाइन माध्यम से यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर पीडीएफ फॉर्मेट में रिजल्ट जारी किया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। यूपीएससी सीएमएस 2024 रिजल्ट चेक करने के लिए सर्वप्रथम ऑफिशियल वेबसाइट upsc.gov.in पर विजिट करें। वेबसाइट के होम पेज पर जाकर संबंधित सेक्शन में क्लिक करना होगा।

सत्यमेव जयते UPSC

### साक्षात्कार के लिए जारी होगा शेड्यूल

जिन उम्मीदवारों का रोल नंबर इस लिस्ट में दर्ज है वे साक्षात्कार के लिए क्वालीफाई माने जाएंगे। साक्षात्कार के लिए यूपीएससी की ओर से अलग से शेड्यूल जारी किया जाएगा और टेस्ट से कुछ दिन पहले कॉल लेटर भी जारी होगा। अगर उम्मीदवारों को रिजल्ट या एग्जामिनेशन को लेकर कोई भी दिक्कत या समस्या है तो वे कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक टेलीफोन नंबर- (011)- 23385271/ 23381125/ 23098543 पर संपर्क कर सकते हैं। सीएमएस की इस भर्ती के जरिए सरकारी विभागों में कुल 827 चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति होगी। भर्ती से जुड़ी अधिक डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# आपको ही क्लियर करना होगा अकाउंट रोजाना होती है हमसे निर्दोषों की हत्या

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास के प्रवचन श्रृंखला में मंगलवार को तपस्वी विरागमुनि ने कहा कि हर एक बात हमें सोच समझ कर बोलनी है, क्योंकि कब कौन सा शब्द किसे दुख पहुंचा सकता है, यह आपको भी नहीं पता। अगर किसी को आपकी बातों से बुरा लगता है तो उसका प्रायश्चित भी आपको करना होगा। आप भले ही मोक्ष के राह पर चल रहे हों, लेकिन आपके कर्मों का हिसाब तो आपको चुकाना ही पड़ेगा। आपको अपना अकाउंट क्लियर ही करना पड़ेगा। केवल शब्दों से ही नहीं, हम अपनी दिनचर्या से न जाने कितने निर्दोषों की हत्या कर देते हैं। आपसे टकराने वाली हवा भी आपके शरीर के पार करते ही अपना दम तोड़ देती है। वैसे ही पानी की बूंद आप पर पड़े तो शरीर ही गर्माहट से उसकी हत्या हो रही है। आज हम एक टीवी, कूलर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसे बहुत सी सुख-सुविधा की मशीनों का उपयोग करते हैं। इससे कई जीवों की हत्या हो जाती है, जो हम आज जानबूझकर कर रहे हैं। हम भी आगे इससे बच नहीं पाएंगे।



### व्यापार पहले, धर्म बाद में

मुनिश्री कहते हैं कि ज्ञान वही जो आचरण में आ जाए। मोक्ष प्राप्त करने के लिए आज हमें जो करना है, इसी भव में करना है। वहीं, आज हम सोचते हैं कि पहले परिवार पाल लेते हैं, पहले व्यापार कर लेते हैं फिर धर्म करेंगे, मोक्ष की राह पर बाद में चलेंगे। क्या कभी आपने ऐसा सोचा है कि आज धर्म कर लेते हैं और कल व्यापार कर लेंगे? यदि नहीं तो फिर आपका कल्याण कहां से होगा? मुनिश्री ने आगे कहा कि आपके अंदर अध्यात्म जाएगा तो संस्कार भी आ जाएगा।

**आधुनिकता ने बढ़ाई जीव जंतुओं की तकलीफ**

### स्वार्थ सिद्ध करने झूठी तारीफ

आज लोग अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए किसी की भी झूठी तारीफ करने को तैयार हो जाते हैं। मन में, सीने में किसी के लिए सम्मान हो या नहीं लेकिन मुंह से झूठी तारीफ हम जरूर कर रहे हैं। मीठी-मीठी बातें कर सामने वाले व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित कर अपना काम निकल रहे हैं। आज पैसा कमाने के लिए व्यक्ति किसी भी हद को पार करने के लिए तैयार है। जबकि आज हमें पैसे कमाने के बदले हर क्षण को प्रभावशाली बनाना है ताकि हमें पैसों की आवश्यकता ना पड़े। हमें खुद का परीक्षण करने और अपने आप को पहचानना है कि हम क्या कर सकते हैं। केवल पैसे ही कमाना लक्ष्य नहीं होना चाहिए।

# प्रेमचंद की कहानियों व उपन्यास का मंचन करेंगे केंद्रीय कर्मचारी

**मुंशी प्रेमचंद जयंती आज : केंद्रीय कार्यालयों द्वारा आयोजन**

**रायपुर।** उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के मौके पर आज केंद्रीस कार्यालयों द्वारा कई तरह के आयोजन किए जाएंगे। इन आयोजनों में केंद्रीय कर्मचारी ही नाट्य मंचन करेंगे। इसमें एकल नाट्य मंचन भी शामिल है। नवा रायपुर सेक्टर-23 स्थित राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में आज प्रातः 11बजे से मुंशी प्रेमचंद जयंती समारोह प्रारंभ होगा। इसमें भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले नेहरू युवा केंद्र संगठन, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय जल आयोग, नागरीय विमानन एवं सुरक्षा ब्यूरो, एमएसटीसी, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र भी शामिल होंगे।

### प्रश्न मंच में पूछे जाएंगे साहित्य आधारित सवाल

प्रेमचंद पर व्याख्यान भी रखा गया है। इसमें प्रेमचंद के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया जाएगा। प्रेमचंद के उपन्यास पर आधारित चलचित्र के गीत भी गाए जाएंगे। प्रेमचंद की कालजयी कहानियों का नाट्य मंचन होगा। इसमें प्रेमचंद की एकल कहानियां भी हैं। इसके अतिरिक्त प्रश्न मंच रखा गया है, जिसमें प्रेमचंद के जीवन तथा साहित्य आधारित सवाल शामिल रहेंगे। हिंदी साहित्य के प्रति रूझान बढ़ाने और उपन्यासों से परिचित कराने यह आयोजन हो रहा है।



# बीएड चतुर्थ सेमेस्टर में 95%, एमबीए में 100% छात्र उत्तीर्ण

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को तीन सेमेस्टर कक्षाओं के परिणामों की घोषणा की गई। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में 3 हजार 957 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 3 हजार 777 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। 21 अनुत्तीर्ण रहे, जबकि 94 को पूरक की पात्रता मिली है। 65 छात्रों के परिणाम विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। एमबीए चतुर्थ सेमेस्टर के परिणाम सौ फीसदी रहे हैं। परीक्षा में शामिल सभी 47 छात्रों को रविवि ने उत्तीर्ण घोषित किया है। इसके अलावा एमए इंग्लिश द्वितीय सेमेस्टर के नतीजे भी रविवि ने घोषित कर दिए हैं। परीक्षा में 281 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 219 उत्तीर्ण रहे। 7 अनुत्तीर्ण रहे। 54 को पूरक की श्रेणी में रखा गया है। परिणाम 77.94% रहे हैं। सभी कक्षाओं के परिणाम रविवि द्वारा अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में छात्र पुनर्मूल्यांकन अथवा पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा रविवि ने बीए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष सहित बीएससी तृतीय वर्ष, एमए हिंदी, एमए अर्थशास्त्र अंतिम वर्ष सहित कई कक्षाओं के विथहेल्ड परिणाम भी अपलोड कर दिए हैं।









## दांत रोग: एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चिंता

दांतों का स्वास्थ्य समग्र शारीरिक स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि, दांत रोग (ओरल डिजीज) एक आम समस्या है जो सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है। यह न केवल दर्द और असुविधा का कारण बनती है, बल्कि इसके दीर्घकालिक प्रभाव भी गंभीर हो सकते हैं। इस लेख में, हम दांत रोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे, जिसमें इसके कारण, प्रकार, रोकथाम और उपचार शामिल हैं।

### दांत क्षय (कैरिज)

दांत क्षय, जिसे कैविटी भी कहा जाता है, दांत रोग का सबसे सामान्य प्रकार है। यह तब होता है जब दांतों पर मौजूद बैक्टीरिया एसिड का उत्पादन करते हैं, जो दांत के इनैमल को कमजोर कर देता है और धीरे-धीरे उसमें छेद कर देता है। खराब मौखिक स्वच्छता, चीनी युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन, और नियमित रूप से दांतों की सफाई न करना इस रोग के मुख्य कारण हैं।

### मसूड़ों की सूजन (जिन्जिवाइटिस)

यह मसूड़ों की सूजन और खून बहने का कारण बनता है। अगर इसे समय पर उपचारित नहीं किया गया, तो यह पेरियोडोंटाइटिस में बदल सकता है, जो दांतों के चारों ओर के हड्डी और ऊतक को नुकसान पहुंचा सकता है।

### पेरियोडोंटाइटिस

यह मसूड़ों की एक गंभीर स्थिति है जो मसूड़ों के नीचे के ऊतक और हड्डी को प्रभावित करती है। समय पर उपचार न मिलने पर यह दांतों के ढीलेपन और अंततः दांतों के गिरने का कारण बन सकता है।

### मौखिक कैंसर

यह दांत रोगों का एक और गंभीर प्रकार है जो मौखिक गुहा, जीभ, होंठ और गले के क्षेत्रों में विकसित हो सकता है। तम्बाकू और शराब का सेवन, और एचपीवी संक्रमण इसके प्रमुख जोखिम कारक हैं।

### दांत रोग के कारण

### दांत रोगों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं:

खराब मौखिक स्वच्छता - नियमित रूप से ब्रश और फ्लॉस न करने से दांतों पर प्लाक जमा हो जाती है, जो बैक्टीरिया का घर बन जाता है और दांत क्षय और मसूड़ों की समस्याओं का कारण बनता है।

2. खान-पान - उच्च चीनी और कार्बोहाइड्रेट युक्त आहार बैक्टीरिया को पोषण प्रदान करते हैं, जो एसिड उत्पन्न करते हैं और दांत क्षय का कारण बनते हैं।

3. तम्बाकू और शराब का सेवन - तम्बाकू चबाने या सिगरेट पीने से मसूड़ों की बीमारियों और मौखिक कैंसर का खतरा बढ़ता है। शराब का अत्यधिक सेवन भी मौखिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

4. आनुवंशिक प्रवृत्ति - कुछ लोग अपने जीन के कारण दांत रोगों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं।5. *शुष्क मुंह*: लार दांतों को साफ रखने और बैक्टीरिया को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शुष्क मुंह, जो कुछ दवाओं या चिकित्सा स्थितियों के कारण हो सकता है, दांत रोगों के जोखिम को बढ़ा सकता है।



### दांत रोग की रोकथाम

### दांत रोगों से बचाव के लिए निम्नलिखित उपाय महत्वपूर्ण हैं:

1. नियमित ब्रशिंग और फ्लॉसिंग : दिन में कम से कम दो बार फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट से ब्रश करें और रोजाना फ्लॉस करें। इससे दांतों पर प्लाक जमा होने से रोका जा सकता है।

2. स्वस्थ आहार - चीनी और कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करें। फलों, सब्जियों और डेयरी उत्पादों का सेवन बढ़ाएं, जो मौखिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

3. तम्बाकू और शराब से बचाव - तम्बाकू का सेवन न करें और शराब का सेवन सीमित करें। यह मौखिक कैंसर और मसूड़ों की बीमारियों के जोखिम को कम करता है।

4. नियमित दंत चिकित्सक की जांच - हर छह महीने में अपने दंत चिकित्सक के पास जाएं। इससे शुरुआती चरण में दांत रोगों का पता चल सकता है और समय पर उपचार संभव हो सकता है।

5. लार का उत्पादन बढ़ाना - शुष्क मुंह की समस्या से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और शुगर-फ्री च्यूइंग गम चबाएं।

### दांत रोग का उपचार

यदि दांत रोग का निदान हो जाता है, तो उपचार के कई विकल्प उपलब्ध हैं: 1. फिलिंग - कैविटी का इलाज करने के लिए दंत चिकित्सक प्रभावित दांत में फिलिंग कर सकते हैं।

2. रूट कैनाल - अगर दांत की नस में संक्रमण हो गया है, तो रूट कैनाल उपचार की आवश्यकता हो सकती है। इसमें संक्रमित नस को निकालकर उसकी जगह भराव सामग्री डाली जाती है।

3. पेरियोडॉन्टल उपचार - मसूड़ों की बीमारियों के लिए गहरी सफाई, स्केलिंग और रूट प्लानिंग की जा सकती है। गंभीर मामलों में सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है।

4. डेंटल इम्प्लांट - दांत गिरने की स्थिति में, डेंटल इम्प्लांट एक स्थायी समाधान हो सकता है। इसमें दांत की जगह टाइटेनियम स्क्रू लगाया जाता है, जिस पर कृत्रिम दांत लगाया जाता है।

5. कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी - मौखिक कैंसर के मामलों में, कीमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी का उपयोग किया जा सकता है।







# वैक्सीन से हो रहा सर्वाइकल कैंसर से बचाव: डॉ यूसुफ मेमन

महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसके केस भारत में हर साल बढ रहे हैं. इसी को देखते हुए सरकार ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण पर जोर दिया है। लेकिन भारत में आज भी सर्वाइकल कैंसर और इसकी वैक्सीन को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है। अधिकतर महिलाओं को यह पता ही नहीं है कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए कौन सी वैक्सीन लगती है और ये कब लगनी चाहिए और टीकाकरण के बारे में जानकारी न होने की वजह से ही भारत में सर्वाइकल कैंसर के केस तेजी से बढ रहे हैं, जबकि वैक्सीनेशन से इस कैंसर के होने की आशंका को अधिकतम मात्रा में खत्म किया जा सकता है।

संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपर के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ यसफ मेमन ने बताया की जब महिलाओं के सर्विक्स (यटस का हिस्सा) में कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढने लगती हैं तो सर्वाइकल कैंसर होता है। यह कैंसर HPV (Human Papillomavirus) वायरस की वजह से होती है. यह वायरस यौन संबंध बनाने (वेजाइनल, एनल और ओरल) से फैलता है। जो महिला असरक्षित यौन संबंध ज्यादा बनाती है और एक से अधिक यौन साथी होता है उसमें इस वायरस के फैलने का रिस्क ज्यादा होता है।

जब शरीर में ये वायरस चला जाता ये वायरस कई सालों तक महिला के शरीर में रहता है और कैंसर का कारण बनता है. लेकिन हर महिला में ये वायरस कैंसर का रूप नहीं ले पाता है. जिन महिलाओं की इम्यनिटी कमजोर होती है उनको कैंसर का रिस्क रहता है। इसलिए ऐसा जरूरी नहीं है कि जिस महिला में एचपीवी वायरस है उसको सर्वाइकल कैंसर भी हो जाएगा. लेकिन अगर सही समय पर एचपीवी वैक्सीन लगवा लें तो इस कैंसर से काफी हद तक बचाव ममकिन है।

डॉ मेमन ने आगे बताया की सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने का फायदा 9 से 14 वर्ष के भीतर सबसे ज्यादा होता है। यानी जो लडकी 9 साल की उम्र पार कर चकी है उसको सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगवानी चाहिए. हालांकि 26 साल की उम्र तक ये वैक्सीन लगवाई जा सकती है. लेकिन ज्यादा असर 9 से 14 वर्ष के भीतर होता है। इसका कारण यह है कि सेक्शअली एक्टिव होने से पहले सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगवा लेनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि सर्वाइकल कैंसर सेक्शअली एक्टिव होने के बाद होता है. हालांकि इस कैंसर के होने के कई दसरे कारण भी हैं जैसे पर्सनल हाइजीन का ध्यान न रखना आदि।

ऐसा नहीं है कि 26 साल के बाद वैक्सीन नहीं लगवानी चाहिए. महिलाएं इस टीके को लगवा सकती हैं। हालांकि असर उतना नहीं रहता है. लेकिन फिर भी ये वैक्सीन एचपीवी वायरस के कई तरह के स्टेन से बचाव कर सकती है। अगर किसी महिला के शरीर में एचपीवी वायरस मौजद है तो भी वो टीका लगवा सकती है. हालांकि सलाह यही है कि इस टीके को 9 से 14 वर्ष के भीतर लगवा लें तो सबसे ज्यादा फायदा होगा. इस उम्र में टीकाकरण से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने की आशंका काफी कम हो जाएगी।




एचपीवी वैक्सीन लगवाने का सबसे अधिक फायदा तभी है जब आप सेक्शअली एक्टिव न हों। ऐसा इसलिए क्योंकि एक बार सेक्शअली एक्टिव हो गए तो एचपीवी वायरस से संक्रमित होने की आशंका बढ जाती है. ऐसे में अगर टीका लगवा भी लेते हैं तो ये उतना फायदा नहीं करेगा जितना 9 से 14 वर्ष के भीतर या फिर सेक्शअली एक्टिव होने से पहले होगा. इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन भी 9 से 14 वर्ष के भीतर की लडकियों को ये टीका लगवाने की सलाह देता है।

45 साल की उम्र के बाद एचपीवी वैक्सीन लगवाने का कोई खास फायदा नहीं है. इस उम्र तक शरीर में एचपीवी वायरस फैल चका होता है. हालांकि ये जरूरी नहीं है कि ये वायरस कैंसर का कारण बन ही जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि अपने जीवनकाल कई महिलाओं को एचपीवी वायरस का संक्रमण होता है. लेकिन सबमें ये सर्वाइकल कैंसर का कारण नहीं बनता है।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जरूरी है कि महिलाएं असरक्षित यौन संबंध न बनाएं और एक से अधिक पार्टनर के साथ शारीरिक संबंध न रखें। इसके अलावा जरूरी है कि पर्सनल हाईजीन का ध्यान रखें और धम्रपान व शराब की लत से बचें। जिन महिलाओं ने सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन नहीं ली है वह घबराएं नहीं. केवल सावधानी बरतें और अपने डॉक्टर से सलाह लेकर टीकाकरण कराएं।

फिलहाल इस वैक्सीन की कीमत 2 हजार से लेकर 5 हजार तक है. लेकिन आने वाले समय में एचपीवी वैक्सीनेशन को भारत सरकार द्वारा सरकारी प्रिवेंटिव वैक्सीन लिस्ट में जोडने की संभावना हो सकती है।

कैंसर एक गंभीर बीमारी है जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ती हैं और शरीर के अन्य हिस्सों में फैल सकती हैं। कैंसर के विभिन्न प्रकार होते हैं, जिनमें फेफड़ों, स्तन, प्रोस्टेट, त्वचा और कोलन कैंसर प्रमुख हैं।

## उपचार

कैंसर का उपचार उसके प्रकार, स्थान और अवस्था के आधार पर तय किया जाता है। उपचार में शल्य चिकित्सा, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी शामिल हैं। नए शोधों के माध्यम से कैंसर के उपचार में काफी प्रगति हुई है, जिससे जीवित रहने की दर में सुधार हुआ है।

## नवीनतम शोध

हाल के वर्षों में, कैंसर के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास ने कई नई संभावनाएं खोली हैं। जीनोमिक्स और इम्यूनोथेरेपी जैसे क्षेत्रों में किए गए अनुसंधान से मरीजों को अधिक व्यक्तिगत और प्रभावी उपचार प्राप्त हो रहा है। वैज्ञानिक कैंसर की रोकथाम के लिए नए वैक्सीन और दवाइयों पर भी काम कर रहे हैं।






## रोकथाम

कैंसर से बचाव के लिए जीवनशैली में परिवर्तन और नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक है। धूम्रपान न करना, शराब का सीमित सेवन, स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और सूर्य के संपर्क से बचना कुछ रोकथाम उपाय हैं। इसके अलावा, कुछ प्रकार के कैंसर के लिए नियमित स्क्रीनिंग जैसे मैमोग्राफी और कोलोनोस्कोपी की सलाह दी जाती है।

कैंसर एक जटिल बीमारी है, लेकिन सही जानकारी और सावधानी से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। जागरूकता और समय पर उपचार से इस बीमारी पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। आवश्यक है कि हम अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और नियमित जांच कराते रहें। वैश्विक स्तर पर कैंसर अनुसंधान में प्रगति के साथ, भविष्य में इसके और अधिक प्रभावी उपचार और रोकथाम के उपाय विकसित होंगे।

कैंसर के बारे में अधिक जागरूकता फैलाने और सही जानकारी के माध्यम से हम इस बीमारी से लड़ने में सक्षम हो सकते हैं। इसलिए, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना और आवश्यक कदम उठाना महत्वपूर्ण है।

संजीवनी CBCC कैंसर हॉस्पिटल

मरीजों के सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पूर्ण NABH से मान्यता प्राप्त

छत्तीसगढ़ का एक अत्याधुनिक हॉस्पिटल जहां एक ही छत के नीचे निम्नलिखित एडवांस्ड सुविधाएं उपलब्ध

रोबोटिक कैंसर सर्जरी


रैपिड आर्क रेडियोथेरपी


स्पैक्ट (गामा कैमेरा)


पेट स्कैन


बोन मैरो ट्रांसप्लांट


कीमो/ इम्यूनो थेरेपी


आयोडीन थेरेपी


फ्रोजन सेक्शन


हमारे कैंसर विशेषज्ञ

डिपार्टमेंट ऑफ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी


डॉ. यूसुफ़ मेमन
MBBS, MS, FSOG, FIAGES, FMAS
डायरेक्टर एवं सीनियर कैंसर सर्जन


डॉ अर्पण चतुर्मोहता
MS, MCh, FIAGES
सीनियर कैंसर सर्जन


डॉ दिवाकर पांडेय
MS, MCh, DNB, FACS
सीनियर कैंसर सर्जन


डॉ. विवेक पटेल
MBBS, MS, MCh
सीनियर कैंसर सर्जन


डॉ कल्याण पांडेय
MBBS, MS, MCh
सीनियर कैंसर सर्जन


डॉ रुद्र प्रताप सिंह
MS, DNB (ORTHOPEDICS)
ऑर्थोपेडिक कैंसर सर्जन


डॉ अनिरुद्ध गुप्ता
MBBS, MS, MCh
प्लास्टिक सर्जन

डिपार्टमेंट ऑफ मेडिकल ऑन्कोलॉजी


डॉ विकास गोयल
MD, DM (HAEMATOLOGY)
रक्त रोग एवं बल्ड कैंसर विशेषज्ञ


डॉ अनिकेत ठोके
MD, DNB, ESMO
कीमोथेरेपी विषेशज्ञ


डॉ राकेश मिश्रा
MBBS, MD, DM
मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट

पैथोलॉजी डिपार्टमेंट


डॉ पार्वती जोशी
MBBS, MD (Path)
हिस्टोपैथोलॉजिस्ट

डिपार्टमेंट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसीन एंड रेडियोलॉजी


डॉ सरीन कृष्णा
MD (NUCLEAR MEDICINE)
कंसल्टेंट, न्यूक्लियर मेडिसिन


डॉ विलास मेश्राम
MD (NUCLEAR MEDICINE)
कंसल्टेंट, न्यूक्लियर मेडिसिन


डॉ शुभम असरानी
MD (Radiology)
रेडियोलॉजिस्ट

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी


डॉ रमेश कोठारी
MBBS, MD, DMRT
रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट


डॉ सतीष देवांगन
MBBS, MD
रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट

पेन, पैलिएटिव एंड सपोर्टिव मेडिसीन


डॉ. अविनाश तिवारी
MD (Palliative Medicine)
पेन व पैलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ


डॉ. नलनेश शर्मा
BPT, MS (CLINICAL REHABILITATION)
फिजियोथैरेपिस्ट

डिपार्टमेंट ऑफ क्रिटिकल केयर एंड एनेस्थीसिया


डॉ. हितेन मिस्त्री
MBBS, MD
(ANAESTHESIA)


डॉ. राहुल गोयल
MBBS, MD
(ANAESTHESIA) FNB


डॉ. फिरोज मेमन
MD (MEDICINE), डायबेटोलॉजिस्ट एवं नॉन इनवेसिव कार्डियोलॉजिस्ट


डॉ योशिता मूलचंदानी
MBBS, MD
(ANAESTHESIOLOGY)

दावड़ा कॉलोनी, पचपेड़ी नाका, रायपुर (छ.ग.), +917389905010, +917389904010, +917714081010, 4061010